www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–227 । सागर, शुक्रवार, 6 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

अस्पताल की 4 लिफ्ट खराब, मरीज मुश्किल में — पृष्ठ 3

▪ अभिव्यक्ति की आज़ादी पर लगता पूर्णग्रहण
▪ न्यूज़क्लिक पर छापेमारी स्वतंत्र मीडिया को डराने-धमकाने की नीति का हिस्सा — पृष्ठ 4

▪ पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के सामने चली गोली, आधा दर्जन घायल — पृष्ठ 6

विकास के लिए किया है हरसंभव प्रयास : सिंह — पृष्ठ 7

प्रधानमंत्री ने जबलपुर में विपक्ष पर साधा निशाना, बोले-

# गरीबों का पैसा लूटने नहीं दूंगा, हमने कमीशनखोरी बंद की



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जबलपुर में कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा है कि हमारे सरकार में आने के बाद कमीशनखोरी बंद हो गई है, इससे विपक्ष में गुस्सा है, न गरीबों का पैसा लूटने दूंगा न ही कांग्रेसियों को तिजोरी भरने दूंगा। श्री मोदी ने कहा कि सरकारी खजाने को लूटने वालों पर कार्रवाई की गई है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2014 के पहले हजारों करोड़ रुपयों के घोटालों की हेडलाइन बना करती थीं। गरीबी पर खर्च होने वाला पैसा कांग्रेसियों की तिजोरी में जा रहा था। उन्होंने कहा कि सरकार में आने के बाद हमने कांग्रेस सरकार की बनाई गई भ्रष्ट योजनाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया। 11 करोड़ फर्जी नामों को सरकारी दफ्तरों से हटाया गया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज जबलपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती की 5 सौं वीं जयंती पर रानी दुर्गावती के स्मारक के भूमिपूजन के बाद विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसी को सरकारी धन राशि लूटने नहीं दी जाएगी। जन, धन, आधार और मोबाइल की त्रि–शक्ति से भ्रष्ट तंत्र को तहस–नहस कर दिया गया। तकनीक का उपयोग कर करीब 11 करोड़ फर्जी नामों को हटाने का कार्य ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### मप्र को विकास में टॉप पर ले जाने की गारंटी मोदी की

प्रधानमंत्री ने कहा है प्रदेश को विकास में टॉप पर ले जाने की गारंटी मोदी की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। आने वाले 20–25 साल में भी विकास में कोई रूकावट या गिरावट नहीं आएगी। प्रदेश कृषि निर्यात में टाप पर है। अब औद्योगिक विकास में भी आगे लाना है। रोजगार के अवसरों में वृद्धि के साथ ही कई क्षेत्रों में मध्यप्रदेश तेजी से प्रगति कर रहा है।

### अनोखा यात्रा धाम बनेगा रानी दुर्गावती का स्मारक

प्रधानमंत्री ने कहा कि जबलपुर में बनने वाला वीरांगना रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक एवं उद्यान हर माता और हर नौजवान को यहां आने के लिए आकर्षित करेगा और प्रेरणा देगा। यह एक अनोखा यात्रा धाम बनेगा। मध्यप्रदेश में बन रहे रानी दुर्गावती स्मारक को देखने देशभर से लोग आएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक डाक टिकिट जारी किया और स्मारक सिक्कों का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रानी दुर्गावती स्मारक के संबंध में प्रदर्शित लघु फिल्म भी देखी। स्मारक का निर्माण 21 एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा। यहां रानी दुर्गावती की प्रतिमा की स्थापना भी की जाएगी।

### शिवराज ने बताईं उपलब्धियां, कहा- मप्र ने की अभूतपूर्व प्रगति



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने कहा कि कभी मध्यप्रदेश बीमारू राज्य हुआ करता था। यहां प्रति व्यक्ति औसत वार्षिक आय 11 हजार रूपए थी, जो अब एक लाख 40 हजार रूपए है। सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई क्षेत्रों में मध्यप्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। देश को विश्व में महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था बनाने के प्रयासों में मध्यप्रदेश पूरा योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भारत के स्वाभिमान के प्रतीक वीरों और वीरांगनाओं के स्मारक बनाए जा रहे हैं। मंडला मेडिकल कॉलेज का नामकरण शहीद हिरदेशाह और छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम शहीद शंकर शाह के नाम पर किया गया है। उन्होंने कहा कि भोपाल में रानी कमलापति के नाम पर रेलवे स्टेशन का नामकरण किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की परम्परा प्रारंभ की। प्रदेश के टंट्या मामा और भीमा नायक सहित अनेक जनजातीय नायकों और नायिकाओं के स्मारक विकसित किए जा रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

प्रियंका ने मोहनखेड़ा की सभा में किया सवाल

# मप्र में हुए ढाई सौ से अधिक घोटाले, फिर भी क्यों नहीं पड़े छापे



**भोपाल/ धार (मोहनखेड़ा), देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने धार के मोहनखेड़ा में एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने भाजपा पर तीखे हमले करते हुए कहा कि पिछले 18 साल में मध्यप्रदेश में ढाई सौ से अधिक घोटाले हुए। व्यापमं घोटाले में 50 से अधिक लोगों की जान गई। उन्होंने सवाल कि फिर क्या वजह है कि भाजपा शासित इस राज्य में ईडी का छापा नहीं पड़ा। प्रियंका ने अपने भाषण में मंहगाई, भ्रष्टाचार, रोजगार जैसे मुद्दों पर केन्द्र और राज्य सरकार को घेरा।

मंहगाई पर बोलते हुए प्रियंका ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से लगातार महंगाई बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज आपको राशन तो जरूर मुफ्त मिल रहा है, लेकिन सिलेंडर केवल 1125 रुपए में मिल रहा है। जो कांग्रेस की सरकार के समय महज 425 रुपए में मिलता था और चुनाव आते ही इन्होंने दाम कम कर दिए। चुनाव के पहले इन्होंने क्यों नहीं किया? जागिये और इन्हें सबक सिखाइये। भ्रष्टाचार मुद्दे पर प्रियंका ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा, कहा कि इन्होंने 18 साल में केवल भ्रष्टाचार किया है और प्रदेश का हाल ऐसा बना दिया है कि जनता के कोई काम नहीं हो रहे हैं, केवल भ्रष्टाचार ही हो रहा है। प्रदेश में व्यापम घोटाला हुआ और भी कई बड़े घोटाले हुए। उन्होंने प्रदेश में सुर्खियों में आए घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 18 सालों में ढाई सौ से ज्यादा घोटाले हुए हैं। बच्चों के पोषण का घोटाला, ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### कांग्रेस सरकार आते ही सभी गारंटियां पूरी करेंगे

प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही सभी गारंटियां पूरी करेगी। कांग्रेस की राजस्थान और छत्तीसगढ़ दोनों जगह कांग्रेस की सरकार है दोनों जगह पुरानी पेंशन लागू है, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में भी। कर्नाटक में पूरे प्रदेश में बस की यात्रा बहनों के लिए मुफ्त है। बहनों के खाते में 2 हजार रूपये भेजे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में धान खरीद का सबसे ज्यादा पैसा किसानों को दिया जा रहा है, सबसे कम बेरोजगारी छत्तीसगढ़ में है सबसे ज्यादा वन अधिकार के पत्ते छत्तीसगढ़ में दिए गए हैं क्योंकि कांग्रेस की सरकार है।

### जातिगत जनगणना का विरोध क्यों

कांग्रेस महासचिव प्रियंका ने कहा कि आज जब देश और प्रदेश में जाति का जनगणना की मांग उठ रही है तो जनगणना क्यों नहीं कर रहे हैं? बिहार की बात करते हुए प्रियंका ने बताया की बिहार में हुई जातिगत जनगणना से पता चला है कि 84 प्रतिशत ओबीसी और अति पिछड़े लोगों की संख्या है मैं इनसे पूछना चाहती हूं तो यह मुख्य–मुख्य जगह पर सत्ता के केंद्रों पर इनको जगह क्यों नहीं दे रहे हैं।

### कमलनाथ बोले- शिवराज को 18 साल बाद याद आए बहनें और कर्मचारी




सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि आज शिवराज सिंह को 18 साल बाद बहनें याद आई है, कर्मचारी याद आए हैं। क्योंकि चार–पांच हफ्तों में प्रदेश में चुनाव हैं लेकिन आपकी नौटंकी, नाटक करने और दिखावा करने की राजनीति बहुत हो गई। क्या शिवराज सिंह को प्रदेश में खाद और बीज के लिए भटकता हुआ किसान नहीं दिखता? कमलनाथ नें कहा कि मुख्यमंत्री अपने जेब में एक नारियल लेकर चलते हैं सड़क के उद्घाटन में जाते हैं तो नारियल तो नहीं फूटता, लेकिन सड़क फूट जाती हैं। कमलनाथ ने कहा कि मैं आपको बताना चाहूंगा कि 15 महीने हमने जो सरकार चलाई थी, उसमें हमने अपनी नीति और नियत का परिचय दिया था। हमने 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। धार में ही हमने 82000 किसानों का कर्ज माफ पहली किस्त में ही किया कर था। हमने 100 यूनिट फ्री बिजली दी थी, हमने प्रदेश में 1000 गौशाला में बनाकर इतिहास बनाया था, तो कौन सा पाप किया, कौन सी गलती की थी? मैं आप सभी जनता से पूछना चाहता हूं इसमें मैंने क्या गलती की थी? उन्होंने ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

मणिपुर में फिर हिंसा भड़की

## इंफाल में 2 घरों में लगाई आग, हुई गोलीबारी

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में फिर से हिंसा शुरू हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि राज्य के इंफाल वेस्ट जिले में दो घरों में आग लगा दी गई। इसके अलावा इस दौरान कई राउंड गोलीबारी की गई। पुलिस ने कहा कि मामला बुधवार रात करीब 10 बजे पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू कीथेलमनबी का है। हमले के बाद आरोपी मौके से तुरंत भाग गया. पुलिस ने आगे कहा कि हमने फायर सर्विस के साथ मिलकर तुरंत आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने जानकारी दी कि पूरे मामले के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद इलाके में इकट्ठा हुईं मैतेई समुदाय की महिलाओं को सुरक्षा बलों ने आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके अलावा एरिया में स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

## नांदेड़ अस्पताल में हुई मौतों पर राहुल ने सरकार को घेरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ के एक सरकारी अस्पताल में कई लोगों की मौत पर गुरुवार को भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब मां की इन दिल दहला देने वाली चीखों को सुनें। और पूछा कि आप हमेशा अपने अपराध की सजा गरीबों को ही क्यों देते हो। एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री जी, नांदेड़ की इस गरीब मां की दिल दहला देने वाली चीखें सुनिए। आप हमेशा अपने अपराधों की सजा गरीबों को ही क्यों देते हैं? उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में अपने बच्चे की मौत के बाद चिल्लाती हुई एक बच्चे की मां का वीडियो भी संलग्न किया।

## नायडू की न्यायिक हिरासत 19 अक्टूबर तक बढ़ी

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने गुरुवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 19 अक्टूबर तक बढ़ा दी। नायडू की हिरासत समाप्त होने के साथ, उन्हें राजमुंदरी सेंट्रल जेल से न्यायाधीश के सामने वर्चुअली पेश किया गया। न्यायाधीश ने हिरासत की अवधि दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। अदालत ने नायडू की जमानत याचिका के साथ–साथ उनकी हिरासत के लिए सीआईडी याचिका पर सुनवाई भी शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी।

## सीबीआई ने सीबीएफसी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अज्ञात कर्मचारियों और तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 7 लाख रुपए की रिश्वत लेने का मामला दर्ज किया है। तीन आरोपियों की पहचान मर्लिन मेनागा, जीजा रामदास, राजन एम के रूप में की गई है और अन्य के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। एक शिकायत के आधार पर, सीबीआई ने आरोप लगाया है कि पिछले महीने, एक आरोपी ने हिंदी में डब की गई फिल्म के लिए सीबीएफसी से आवश्यक सेंसर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए 7 लाख रुपए की रिश्वत लेने के लिए अन्य लोगों के साथ साजिश रची थी।

## सांसद फैजल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लक्षद्वीप के अयोग्य सांसद मोहम्मद फैजल ने हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा को निलंबित करने से इनकार करने वाले केरल उच्च न्यायालय के नए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एन. नागरेश की पीठ ने मंगलवार को स्पष्ट रूप से फैज़ल सहित चार लोगों की सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया था। इन्हें पहले इस साल जनवरी में ट्रायल कोर्ट द्वारा दोषी ठहराया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को फैसले के मद्देनजर, लोकसभा सचिवालय ने कहा कि ऐसे में सदन के सदस्य नहीं रह गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष फैजल द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय का हालिया फैसला इस बात की सराहना करने में विफल रहा कि अगर उसकी सजा को निलंबित नहीं किया गया तो केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के मतदाताओं को भी गंभीर पूर्वाग्रह और कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

# संजय सिंह को 10 तक रिमांड पर भेजा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में भेज दिया है। अब खत्म हो चुकी दिल्ली की आबकारी नीति या शराब घोटाला मामले में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने संजय सिंह को गिरफ्तार किया था।



दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को गुरुवार को अदालत में पेश किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह को 2021–22 दिल्ली आबकारी नीति मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार किया था।

### पेशी के दौरान आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

आप कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ राजधानी समेत पूरे देश में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आप कार्यालय में जुटे। बैनर थामे प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सिंह की रिहाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले आप नेताओं में आतिशी, गोपाल राय, जरनैल सिंह शामिल रहे। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने विरोध प्रदर्शन के दौरान आरोप लगाया, भाजपा ने देशव्यापी सर्वेक्षण कराया है। उसे पता है कि हार निश्चित है। इसलिए वह ईडी की ओर से गिरफ्तारी कराकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि प्रवर्तन निदेशालय ने संजय सिंह को इसलिए गिरफ्तार किया है क्योंकि उन्होंने संसद में अडानी समूह से संबंधित मुद्दे उठाए थे।

### पार्टी ने अघोषित आपातकाल बताया


पार्टी ने संजय सिंह की गिरफ्तारी को अघोषित आपातकाल करार दिया। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि ईडी की ओर से संजय सिंह की गिरफ्तारी भी इस अघोषित आपातकाल में विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास है। विपक्ष के नेताओं को डरा–धमकाकर, उन्हें जेल में डाला जा रहा है। बीजेपी ईडी–सीबीआई के दम पर 2024 का चुनाव लड़ रही है।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

दिल्ली शराब घोटाले में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ईडी से कई सवाल किए। लंबी दलीलों के बाद कोर्ट मामले की सुनवाई टाल दी। अब इस पर 12 अक्तूबर को सुनवाई होगी। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मनीष सिसोदिया की ओर से पक्ष रखा। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं और इनसे साबित नहीं होता कि याचिकाकर्ता का इस धांधली से कोई संबंध है। आरोपी विजय नायर याचिकाकर्ता का सहयोगी नहीं है।

भाजपा ने केजरीवाल पर निशाना

## अनुराग ठाकुर बोले, सरगना भी जाएगा जेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली शराब घोटाला कांड में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पार्टी सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद अब भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर हमला तेज कर दिया है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्टीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहाकि सरगना अभी बाहर है। उसका नम्बर भी आएगा। जिन लोगों को केजरीवाल ने ईमानदारी का सर्टिफिकेट दिया था,वो सभी एक साल से जेल में हैं। उन्होंने कहा कि लोग अब केजरीवाल की कथित ईमानदारी पर हंस रहे हैं। खुलेआम घोटाले करना और पकड़े जाने पर राजनीति करना उनकी फितरत हो गई है। लेकिन अब उनके चेहरे का तनाव साफ देखा जा सकता है।

चुनाव तैयारियों का आकलन करने तेलंगाना पहुंचा आयोग

# चुनावों में धनबल के इस्तेमाल पर आयोग की नजर



स्वतंत्र, निष्पक्ष, चुनाव कराने के लिए आयोग प्रतिबद्ध

**हैदराबाद, एजेंसी।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीईसी के नेतृत्व में 17 सदस्यीय टीम वर्तमान में तेलंगाना में चुनाव तैयारियों का आकलन करने पहुंचा है। इस दौरान सीईसी राजीव कुमार ने राजनीतिक दलों, राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों व प्रवर्तन एजेंसियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें कीं।

कुमार ने तेलंगाना में टीम की गतिविधियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों को चुनाव के दौरान धन बल के इस्तेमाल के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का मजबूत संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, धनबल और मुफ्त में सामानों का वितरण करने वाले हमारे विशेष रडार पर होंगे। यदि वे (प्रवर्तन एजेंसियां) कार्रवाई नहीं करती हैं तो हम उनसे कार्रवाई करवाएंगे। समय आने पर हम आकलन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वे इन सब पर कार्रवाई करें।

### ऑनलाइन हस्तांतरण पर नजर रखने को कहा

उन्होंने कहा कि बैंकों से इस संबंध में ऑनलाइन नकद हस्तांतरण पर नजर रखने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ बातचीत के दौरान, उन्होंने चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि तेलंगाना में चुनाव प्रलोभन मुक्त हों। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मतदाताओं की कुल संख्या 3.17 करोड़ है, जिसमें पुरुष और महिलाएं समान संख्या में हैं।

40 नाटकों के साथ-साथ कुछ उपन्यास, लघु कथाएं भी लिखी

# साहित्य का नोबेल पुरस्कार नार्वे के जॉन फॉसे को मिला



**स्टॉकहोम, एजेंसी।** नार्वे के साहित्यकार जॉन फॉसे को वर्ष 2023 के नोबेल साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की गुरुवार को घोषणा की गई। फॉसे को यह पुरस्कार उनके नाटकों, उपन्यासों और बच्चों के लिए लिखी गईं उनकी किताबों के लिए दिया जा रहा है।

यह पुरस्कार देने वाली नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने कहा कि श्री फॉसे को नार्वे की पृष्ठभूमि वाली उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं के लिए नोबेल साहित्य सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। श्री फॉसे (64) ने इस पुरस्कार की घोषणा पर अपने प्रकाशक सैमलागेट के माध्यम से जारी अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं अभिभूत हूं, मैं इसे विशुद्ध- साहित्य साधना के लिए एक पुरस्कार के रूप में देखता हूं, जिसका सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य बिना किसी अन्य विचार के साहित्य होता है। श्री फॉसे कविताएं भी लिखते हैं। उन्होंने लगभग 40 नाटकों के साथ-साथ कुछ उपन्यास, लघु कथाएँ, बच्चों के लिए साहित्यिक पुस्तकें, कविताएं और अनेक निबंध भी लिखे हैं।

नोबेल सम्मान देने वाली स्वीडिश अकादमी ने कहा, यह सम्मान उनके (फॉसे के) अनूठे नाटकों और गद्य के लिए है जो आम लोगों की आवाज देते हैं। साहित्य नोबेल पुरस्कार विजेता को 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (लगभग 997,700 अमेरिकी डॉलर) दिये जाते हैं।

दिसंबर में पुरस्कार समारोह में विजेताओं को 18 कैरेट का स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाता है। इस पुरस्कार की धनराशि नोबेल पुरस्कार के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के तहत रखे गए धन से दी जाती है। आविष्कारक श्री नोबेल का वर्ष 1896 में उनका निधन हो गया था।

# खुरई इन्वेस्टर्स समिट. 2023 से हुई अंचल में औद्योगिक क्रांति की शुरुआत

## खुरई का इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास देख अभिभूत हुए उद्यमी



**खुरई, देशबन्धु।** प्रदेश और बुंदेलखंड के औद्योगिक मानचित्र पर तेजी से आगे बढ़ते खुरई में आयोजित निवेशोत्सव खुरई इन्वेस्टर्स मीट.2023 में कुल 2000 करोड़ की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के एमओयू साइन होने के साथ ही यहां बड़े निवेश और रोजगार का सिलसिला प्रारंभ हो गया। इस निवेश से 5000 लोगों को प्रत्यक्ष जॉब और 50 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने समिट में शामिल होने आए उद्योगपतियों के समक्ष खुरई विधानसभा क्षेत्र का इंफ्रास्ट्रक्चर के विवरण बताते हुए शासन प्रशासन की ओर से तथा व्यक्तिगत रूप से सुविधा और सुरक्षा की पूरी गारंटी ली। बीना रिफाइनरी की ओर से बीपीसीएल के विपणन अधिकारी ने विस्तृत एलईडी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स से निकलने वाले विभिन्न रा मटेरियल की तादाद और उनसे बनने वाले उत्पादों की निर्माण प्रविधि व फाइनल प्रोडक्ट की मार्केटिंग के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। निवेश करने वाले उद्योगपतियों में पंजाब के नवजोत सिंह ने 1200 करोड़ से डाटा एवं क्लाउड सेंटर, विजय जैन के द्वारा 100 करोड़ रुपए निवेश, नवाब रजा के द्वारा 150 करोड़, नीतीश चोक के द्वारा 50 करोड, संतोष नवानी ने 26 करोड़ से प्लास्टिक मोल्ड इंडस्ट्री, चेतन पटेल ने 20 करोड़, संतोष गिरधानी ने 25 करोड़, विजय सेवानी ने 20 करोड़, फिरोज खान ने 2 करोड़ 50 लाख, फराज खान ने दो करोड़ का इन्वेस्टमेंट, डॉ. निलय शर्मा ने 5 करोड़ से स्ट्रा यूनिट, आकाश समैया, विकास समैया 100 करोड़, एक जैन महिला उद्यमी ने 5 करोड़, शशांक पड़ेले 5 करोड़ से प्लास्टिक बेस्ड इंडस्ट्री, अमन जैन 1.5 करोड़, सौरव जैन 1.15 करोड़, भारत राठौर 50 लाख के निवेश के इन्वेस्टमेंट का एमओयू साइन किया। खुरई इन्वेस्टर समिट 2023 में जिले के अंतर्गत होने वाले एक्सटेंशन टू इन्वेस्ट में 385 करोड़ की लागत से उद्योग लगाए जाएंगे। इनसे 800 से अधिक शिक्षित व स्किल्ड युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। 385 करोड़ रुपए से जो उद्योग लगाए जाएंगे उनमें मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड, विंग एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड एवं भोजपुर स्टील प्राइवेट लिमिटेड के उद्योग लगेंगे जिसमें 800 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। खुरई इन्वेस्टर्स समिट को संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में यह पहला अवसर है जब एक तहसील प्लेस में इन्वेस्टर्स समिट आयोजित हुई और उसमें निवेशकों ने भारी उत्साह दिखाते हुए 2000 करोड़ के निवेश के एमओयू साइन किए। कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि हमारे पास खुरई क्षेत्र में उद्योगों के लिए 5000 एकड़ का लेंड बैंक है। इसमें से कम से कम 50 ऐसे प्लाट हैं जो 20 हेक्टेयर से अधिक हैं। 50 से 200 हेक्टेयर के प्लाट भी हमारे पास पर्याप्त हैं। कलेक्टर व तहसीलदार यशवर्धन सिंह ने लेंडबैंक के सचित्र फोल्डर का विमोचन अतिथियों से कराया।

### उद्योगपतियों को खूब भाया बुंदेली व्यंजन



खुरई में इन्वेस्टर समिट के दौरान देशभर से आये उद्योगपतियों का बुंदेली व्यंजनों के साथ स्वागत किया गया। जिसको लेकर समस्त उद्योगपतियों ने खूब सराहा। उन्होंने कहा कि आज हम बुंदेली खाना खाकर अभीभूत हैं। मंत्री भूपेंद्र सिंह के द्वारा जो बुंदेली स्वागत सत्कार एवं बुंदेली व्यंजनों से स्वागत किया गया है, हमेशा याद रहेगा। बुंदेली परंपरा के अनुसार ही उनको जमीन पर आसन लगाकर खाना परोसा।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करना चाहिए:



**मकरोनिया, देशबन्धु।** विश्व पशु रक्षा दिवस के अवसर पर अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री सुदत्तसागर ने कहा हमें प्रकृति के रक्षक पशु पक्षियों को सताने और मारने का हक नहीं है। बकरा, हिरण, गाय, कुत्ता, सर्प, बेल, बंदर, चूहा आदि पशु हमारे पूजनीय भगवंतो के प्रतीकात्मक चिन्ह है। इनकी रक्षा, सेवा, दया करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि पशुओं की रक्षा के लिए सरकार अभ्यारण बना रही है लेकिन हमारे देश में राष्ट्रीय पशु बाघ नहीं, गाय होनी चाहिए, क्योंकि गाय अहिंसक है और बाघ हिंसक पशु है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा मनुष्य स्वार्थ व स्वाद के लिए पशु को मारता है, अत्याचार करता है, कैद करता है यह भेदभाव गलत है। प्रकृति में स्वतंत्र रहने का अधिकार है और पशुओं को हम कैद करके चिड़ियाघरों में रखते हैं। हमेशा जीवों की रक्षा करोए कभी पशुओं को मत मारो, पशु रक्षा दिवस पर पाठशाला के बच्चों ने पशु पक्षियों के चित्रों में रंग भरे व चित्र बनाएं एवं पशु पक्षियों पर कविताएं सुनाई। पशु पक्षियों को दाना, रोटी, पानी की व्यवस्था की। आज मकरोनिया क्षेत्र के दूध डेयरी संचालकों, पशु सेवकों व गौ रक्षको का सम्मान किया व पशु चिकित्सको का सम्मान व आभार प्रकट किया गया।

## सार-समाचार

### मोतियाबिंद का फेको पद्धति से सफल ऑपरेशन



### बंसल अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में हुआ अत्यधिक पूर्ण पके मोतियाबिंद का फेको पद्धति से सफल ऑपरेशन

**सागर, देशबन्धु।** मरीज ओंकारनाथ मिश्रा उम्र 56 साल बंसल हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग में दाई आंख में बिल्कुल नहीं देखने की समस्या को लेकर डॉक्टर अभिषेक जैन जो कि चित्रकूट के पूर्व वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं के पास आये। डॉ. अभिषेक जैन ने जांच में पाया की दाई आंख में मोतियाबिंद अत्यधिक पूर्णतया पक हाइपर मेच्योर ब्राउन केटरेक्ट चुका है इसे लेजर फेंको पद्धति से ऑपरेशन करना अपने आप में एक चुनौती थी। साथ-साथ ही मरीज अत्यधिक शुगर डायबीटीज से ग्रसित था और मरीज की शुगर भी कंट्रोल नहीं हो पा रही थी जिसके लिए बंसल हॉस्पिटल के ही मेडिसिन विभाग के डॉ. हिमांशु समैया को दिखाया गया। जिन्होंने 5 दिन में ही शुगर कंट्रोल कर दी। फिर दाई आंख के मोतियाबिंद का सफलतापूर्वक लेजर फेको पद्धति से 16 सितम्बर 2023 को ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किया गया। ऑपरेशन के पश्चात मरीज को पूर्णता दिखाई देने लगा ऑपरेशन के बाद मरीज डॉ. अभिषेक जैन वा बंसल अस्पताल के समस्त स्टाफ से पूर्णता संतुष्ट है।

### परशुराम सेना के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष बने पं. राजीव हजारी



**सागर, देशबन्धु।** परशुराम सेना मप्र संगठन में युवा समाजसेवी पं. राजीव हजारी ढाना को कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के संस्थापक मंडल के पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी उज्जैन, पं. राकेश चतुर्वेदी भोपाल, पं. राजीव शर्मा मुरैना, पं. भरत तिवारी सागर की अनुशंसा पर एवं सरक्षक मंडल के पं.अनूप बाजपेई, पं. जितेंद्र त्रिपाठी, पं. योगेंद्र महंत के मार्गदर्शन में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष पं. अनूप शुक्ला और प्रदेश संयोजक मुकेश चतुर्वेदी द्वारा की गई है। हजारी की नियुक्ति पर पं. शिवप्रसाद तिवारी, पं.बृजेश महाराज, पं. पप्पू तिवारी, पं. रामचरण शास्त्री, पं. रमाकांत त्रिवेदी आदि ने बधाई दी है।

### कायस्थ समाज ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं चित्रांश जन समिति जिला सागर ने समाज के मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। संजय ड्राइव रोड पर स्थित चित्रांश मंगल भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति विधायक शैलेंद्र जैन रहे। कार्यक्रम मे 10वी, 12वी एवं अन्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं एवं 10वीं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः ग्यारह, पांच एवं तीन हजार के नकद पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र खरे, अजय श्रीवास्तव एवं शैलेश वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण एवं रोचक जानकारियों को साझा किया। उत्कृष्ट विधायक चुने जाने पर कायस्थ समाज ने विधायक शैलेंद्र जैन का सम्मान शाल श्रीफ्ल के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।

## सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर दो को कारण बताओं नोटिस जारी, 3 दिन में देना होगा जवाब

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य ने सुरक्षा इंतजाम एवं अपने पदीय कर्तव्य के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने पर दो कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिनमें लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री हरिशंकर जयसवाल एवं लोक निर्माण विभाग सिविल के अनुविभागीय अधिकारी एके चौरसिया को नोटिस जारी किया गया है एवं 3 दिवस में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना है, निर्धारित समयावधि में प्रति उत्तर प्राप्त न होने की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। उक्त कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उपनियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन होकर अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक होने से मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील/ नियम, 1966 में निहित प्रावधान अंतर्गत दण्डनीय है। विगत दिवस रात्रि के समय लगभग 8 बजे मकरोनिया सिविल लाइन मार्ग पर स्थित कठवापुल पर सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते बिना सुरक्षा इंतजाम के पुल के पास लगे वृक्ष को जड़ से काटने पर वृक्ष की चपेट में आने सेना के चार पहिया वाहन समेत तीन-चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुये एवं चार पहिया वाहनों में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हुये थे।

## तीन सवारी की क्षमता वाली टेंपो में दस से अधिक यात्री सवार



**शाहगढ़, देशबन्धु।** शहर की सड़कों पर इन दिनों ऑटो ओवरलोड होकर जानलेवा सफर करा रहे हैं, बीते रोज ऑटो के पलटने से छह जख्मी हो गए थे, एक स्कूल के छात्र की मौत भी हो गई थी, इन ऑटो टेंपो के खिलाफ लोगों ने हाइवे पर शव रखकर कार्यवाही की मांग भी गई थी लेकिन चुनावी तैयारियों में पुलिस की व्यस्तता होने की वजह से चालानी कार्रवाई अथवा वाहनों की जांच नहीं की गई। शहर में नियमों को ताक पर रखकर ऑटो ड्राइवर बे-खौफ सवारियां ढो रहे हैं, इन्हें न तो पुलिस का खौफ है और न ही सवारियों के जीवन की चिंता, गुरूवार हाइवे पर मीडिया को ओवरलोड दौड़ते ऑटो मिले, शहर में करीब पचास से अधिक ऑटो रिक्शा हैं, कई तो ऐसे हैं जो बिना परमिट के ही फर्राटा भर रहे हैं। ऑटो में जहां तीन सवारियों की जगह होती हैं। वहीं ये सात से आठ सवारी बिठाते हैं, जिसके चलते कई ऑटो रिक्शा दुर्घटना का शिकार भी हुए हैं। नियम के अनुसार ऑटो रिक्शा 16 किमी की परिधि में आ जा सकती है। लेकिन ये इससे अधिक घुवारा, बरायथा, बमोरी, जो बीस किलों मीटर से अधिक की दूरी तक सवारी ढोते हैं। इस संबंध में शाहगढ़ थाना प्रभारी एलएल उईके से संपर्क साधा लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

# जिले के 519.01 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण आज

### मुख्यमंत्री आज करेंगे लाखा बंजारा एलिवेटेड कॉरिडोर का भी होगा लोकार्पण

**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज जिले के लिए 519.01 करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यों का वर्चुअली लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसका मुख्य कार्यक्रम महाकवि पद्माकर सभागार में प्रातः 10.30 बजे होगा। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री भूपेन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि मंत्री गोपाल भार्गव, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर संगीता तिवारी एवं निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, गौरव सिरोठिया, सुशील तिवारी की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### सागर में लोकार्पण/भूमिपूजन की लागत 146.50 करोड़ रुपए

शहर में 89.94 करोड़ की लागत से एलीवेटिड कोरीडोर का निर्माण कार्य का लोकार्पण, 9.17 करोड़ की लागत से स्ट्राम वॉटर ड्रेनेज का निर्माण कार्य फेस का लोकार्पण,14.23 करोड़ की लागत से खेल परिसर मैदान का विकास कार्य का लोकार्पण, 12.3 करोड़ की लागत से संजय ड्राइव रोड का पुनर्विकास का लोकार्पण, 5.17 करोड़ की लागत की विभिन्न पार्को का पुनर्विकास फेस 2 का लोकार्पण, 4.44 करोड़ की लागत से वृद्धाश्रम निर्माण का लोकार्पण, 3.6 करोड की लागत से हेरीटेज मोरनामेंट्स का रेस्टोरेशन का लोकार्पण, 5.22 करोड़ की लागत से सीएंड डीवेस्ट प्लांट का निर्माण का लोकार्पण, 1.98 करोड़ की लागत से सीसीटीव्ही सर्विलांस की स्थापना का लोकार्पण, 1.26 करोड़ की लागत से एएसआई संग्राहालय के डिजाईन और विकास कार्य का लोकार्पण, नगर निगम सागर में 8.45 करोड रुपए की लागत से पीपीपी आधारित कन्वेंशन सेंटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 5.99 करोड़ की लागत से ट्रेड एंड कल्चर सेंटर का भूमिपूजन, 2.46 करोड़ की लागत से इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम फेस 2 का भूमिपूजन, लोक निर्माण विभाग द्वारा 5.3 करोड़ रुपए की लागत से 3.62 करोड़ की लागत से सिटी लिंक मार्ग के वाइडनिंग का कार्य का भूमिपूजन, 1.41 करोड़ की लागत से खुरई रोड जंक्शन इंप्रूवमेंट का भूमिपूजन भी करेंगे।

## भू-अधिकार पत्र स्थाई पट्टो का वितरण किया



**बांदरी, देशबन्धु।** नगर परिषद बांदरी में आयोजित कार्यक्रम में भूमिहीन लोगों को भू-अधिकार पत्र स्थाई पट्टो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह शामिल हुए। श्री सिंह के बांदरी पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में दो अलग-अलग वार्डों में भूमिहीनों को पट्टों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से खुरई विधानसभा क्षेत्र में वृहद स्तर पर योजनाओ का लाभ दिया गया है। जिनके पास खुद की जमीन नहीं थी, आवास नहीं था उनको मालिकाना हक के पट्टे दिलाने का काम किया है। खुरई विधानसभा में लाड़ली बहना योजनांतर्गत क्षेत्र की लगभग 70 हजार महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाया। उन्होंने कहा कि हर गरीब का सपना होता है कि उसका खुद का आवास हो। रहने के लिए आवास और आवास के लिए जमीन पर हर गरीब का अधिकार है और इस सपने को साकार करने के पीछे भाजपा और मंत्री भूपेन्द्र सिंह की कड़ी मेहनत है। खुरई विधानसभा क्षेत्र के हर जरूरतमंद को योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नप के कर्मचारी शामिल रहे।

## डेयरी शिफ्ट न करने वाले पशुपालकों के विरूद्ध धारा 133 के तहत सख्त कार्यवाही करेः निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त ने पशु विचरण क्षेत्र सागर से बाहर शेष डेयरियों को शिफ्ट करने के संबंध में डेयरी विस्थापन दल के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सहायक आयुक्त राजेश सिंह, आनंद मंगल गुरू एवं सभी जोन प्रभारी एवं वार्ड दरोगाओं को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने वार्ड की डेयरियों को 3 दिवस में शहर से बाहर शिफ्ट कराये अन्यथा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि ऐसी शिकायतें मिल रही है कि कई डेयरी संचालक जो शहर से बाहर अपनी डेयरियों को ले जा चुके थे, वे पुनः अपने अपने जानवरों को शहर में वापिस ले आये है, इसके साथ ही कुछ डेयरी मालिकों ने अभी तक अपने जानवरों को शहर से बाहर विस्थापित नहीं किया है ऐसे पशुपालकों के विरुद्ध नगर दण्डाधिकारी के माध्यम से धारा 133 की वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाये तथा असहयोग करने वाले डेयरी मालिकों के विरूद्व पुलिस में एफआईआर करायी जाये। निगमायुक्त ने कहा कि 3 दिवस के भीतर सभी डेयरियां विस्थापित करने की कार्यवाही के दौरान पुलिस बल साथ में रखें जिससे किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

## गढाकोटा गरबा सीजन 3 की तैयारियां जोरों




**गढाकोटा, देशबन्धु।** जिले के गढाकोटा में हिन्दू युवा संगठन के तत्वावधान में गढाकोटा गरबा महोत्सव सीजन.3 की तैयारियां जोरों पर चल रही है आयोजनकर्ताओं द्वारा स्थानीय सुशीला भार्गव मंगल पैलेस में लगभग एक माह से लगभग 500 सौ छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही गरबा टीचरों के द्वारा रिहर्सल करवाई जा रही है। वहीं इसका नवरात्रि पर्व पर पांच दिवसीय आयोजन 18 से 22 अक्टूबर को होगा। वहीं गरबा महोत्सव कि जानकारी देते हुए गरबा टीचर भूमि दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि गरबा महोत्सव के आयोजन को लेकर विगत एक माह से प्रेक्टिस चल रही है लगभग 500 से अधिक बच्चियां इसमें भाग ले रही हैं। आने वाली नवरात्रि पर्व पर पांच दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर गरबा महोत्सव के सहयोगी राजकुमार दुबे, नमन राजपूत, संदीप दुबे, मुकेश विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## विकास कार्यों से जनता को मिलेंगी सुविधायें: हीरा सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने मे विकास कार्यो का सिलसिला लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर हीरा सिंह ने कहा कि सुरखी विधानसभा के हर भाग में करोड़ों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। इन विकास कार्यो से क्षेत्र की जनता को सुविधाए मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह का संकल्प है कि आने वाले वर्षों में सुरखी का कोई भी गांव ऐसा नहीं रहेगा जहां मंगल भवन, सामुदायिक भवन, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स ना हो। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत पीपरा में सामूदायिक भवन व हनुमान जी मंदिर के पास 10.43 लाख की बाऊंड्रीबॉल का शिलान्यास किया। इसके अलावा 14 लाख की राशि से निर्मित होने वाली बाऊंड्रीबाल की आधारशिला रखी। खजुरिया पंचायत के मुगरयाऊ में मंगल भवन जिसकी लागत 16 लाख है का भूमिपूजन किया। जय गुरुदेव आश्रम के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम घूघर में 10.14 लाख से निर्मित होने वाली सीसी रोड तथा इसी गांव में 26 लाख का मंगल भवन तथा 37 लाख की लागत से बनने वाले कृषक भवन के अलावा ग्राम परगासपुरा में 20 लाख रुपये से बनने वाले नये पंचायत भवन का भूमिपूजन किया।

## नरयावली में 10 करोड़ रूपये की लागत से बनेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** विगत दिनों विधायक प्रदीप लारिया के प्रयासों से नरयावली के उप स्वास्थ्य केन्द्र के उन्नयन कर 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति मिली थी। जिसके भवन के लिए 10 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। जल्द ही 10 करोड़ की लागत से यहां 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण होगा। जिसमें आधुनिक सुविधायें भी उपलब्ध रहेंगी। उक्त भवन की स्वीकृति पर यहां के डाक्टरों ने विधायक लारिया का स्वागत कर आभार जताया। विधायक ने गुरूवार को 7.5 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले ढोंगा-नगना पुल का भूमिपूजन किया और नरयावली में 2.5 लाख रूपये की लागत से बनाये जाने वाले पाल समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर स्थानीय मण्डल अध्यक्ष सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हर गरीब का कल्याण कर रही है भाजपा सरकारः सरोज सिंह



**बरोदियाकलां, देशबन्धु।** बरोदियाकलां के छह वार्डों में जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने जरूरतमंदों को मुख्यमंत्री भू.स्वामित्व योजनांतर्गत स्थाई पट्टों का वितरण किया। उन्होंने बरोदियाकलां के वार्ड क्रमांक 8, 10, 3, 13, 14 एवं 15 में पात्र हितग्राहियों को स्थाई पट्टों का वितरण किया। इस अवसर पर सरोज सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में जिले में सर्वाधिक प्रधानमंत्री आवास योजना में लोगों को लाभ दिया गया है। जिनके पास स्वयं की जमीन नहीं थी उनको मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से आज यहां जमीन के पट्टे दिए जा रहे हैं। अब वे अपना स्वयं का आवास इस भूमि पर बना सकेंगे। सरोज सिंह ने मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला व देश व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# प्रदेश में कम समय में अधिक विकास कार्यो के लिए जानी जाएगी सुरखी विधानसभा: गोविंद सिंह राजपूत

## 10 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमि पूजन



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ ब्लॉक के कई गांवों और कस्बों में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इसके अलावा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए बनाई गई नल-जल योजना की जानकारी अधिकारियों से ली। सीहोरा में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और उप तहसील भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश में सुरखी विधानसभा सबसे कम समय में सबसे अधिक विकास कार्यों के लिए जानी जाएगी, अब सुरखी विधानसभा महानगरों जैसी व्यवस्थित और सर्व सुविधाओं से सुसज्जित हो गई है। सीहोरा में 1 करोड़ की लागत से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया है, जो बनकर तैयार है। इस कॉम्प्लेक्स में प्रसाधन समेत तमाम सुविधाएं मुहैया कराई गई है। इसके बन जाने से यहां के व्यापारियों को न केवल व्यवस्थित दुकान मिलेगी, बल्कि करने आए लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सीहोरा में उप तहसील कार्यालय तो था, लेकिन उसका भवन न होने से अधिकारियों-कर्मचारियों को समस्याएं उत्पन्न हो रही थी। साथ ही यहां आने वाले किसानों व अन्य लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी के मद्देनजर मैंने नए उप तहसील कार्यालय भवन की मंजूरी दी। यह सर्वसुविधायुक्त भवन की लागत 1.8 करोड़ रुपए हैं। राहतगढ़ क्षेत्र के ग्राम चंद्रापुर में नए मंगल भवन, ग्राम कठौंदा फाजलपुर में नवीन मंगल भवन, ग्राम डाबरी में नए पंचायत भवन तथा ग्राम ऐरण मिर्जापुर में भी नए पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। इन भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री राजपूत ने कहा कि मेरी मंशा है कि क्षेत्र के हर बड़े कस्बे और गांव में मंगल भवन होना चाहिए। ताकि लोगों को अपने सामाजिक कार्यक्रमों की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में गांव में निर्मित हो रही नल-जल योजनाओं की जानकारी भी ली।

मंत्री राजपूत ने बताया कि सीहोरा में पेयजल की बड़ी समस्या लंबे समय से थी, उसे दूर करने के लिए मैंने 3 करोड़ रुपए से ज्यादा नल-जल योजना स्वीकृत कराई, जो पूरी हो चुकी है। अब लोगों को इस योजना के माध्यम से घर-.घर शुद्ध पेयजल मिलेगा। इन बड़े कार्यों के साथ ही मंत्री राजपूत ने चंद्रापुर, डाबरी, ऐरण मिर्जापुर, कठौंदा फाजलपुर तथा सीहोरा में स्वास्थ्य केंद्र का चबूतरा, कबीर आश्रम, बीजासेन मंदिर का जीर्णोद्धार, आंगनबाड़ी भवन, विश्वकर्मा मंदिर समेत 10 करोड़ के अन्य कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

# अस्पताल की 4 लिफ्ट खराब मरीज मुश्किल में



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल की 5 मंजिला इमारत में भर्ती होने वाले मरीजों को पिछले चार महीने से भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल अस्पताल की ऊपरी मंजिलों तक जाने के लिए शासन के द्वारा 5 लिफ्टें लगवाई गई हैं। इनमें से एक लिफ्ट डॉक्टर्स एवं स्टाफ के लिए है जबकि 4 लिफ्ट आम जनता के लिए हैं। दुर्भाग्य से इन पांच लिफ्टों में से सिर्फ एक लिफ्ट ही पिछले चार महीने से काम कर रही है जबकि चार लिफ्टें पूरी तरह से खराब हैं। गर्भवती महिलाओं, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों, बुजुर्गों एवं बीमार लोगों को यदि ऊपरी मंजिल तक इलाज के लिए जाना पड़ता है तो उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह समस्या पिछले चार महीने से लगातार बनी हुई है लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं है। कई बार तो गर्भवती महिलाओं को सीढियों से चढ़ते समय बैठना पड़ता है। इस समस्या से जूझ रहे मरीज भी कई बार अस्पताल प्रबंधन से शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई इस पर ध्यान नहीं दे रहा।

**लिफ्ट सुधरवाने पैसा नहीं दे रही सरकार**- इस मामले में जब हमने अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार से बात की तो उन्होंने बताया कि लिफ्टों की समस्या को दूर करने के लिए 8 महीने से सरकार को पत्र लिख रहे हैं। हमारे पास लिफ्ट के मेंटीनेंस के लिए बजट नहीं है और न ही सरकार फण्ड दे रही है तो हम क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा काम शासन को सूचना देना है जो हम दे रहे हैं। एक लिफ्ट से फिलहाल काम चल रहा है।

भीमकुण्ड में पौंने चार करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

# देशी-विदेश पर्यटकों संख्या में होगा इजाफा




**छतरपुर,देशबन्धु।** म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम विकास कार्य द्वारा जिले के बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र के भीमकुण्ड में 3 करोड़ 72 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्य कराये गये है। इनमें डे-शेल्टर, कथा मंच, सीढ़िया, रैलिंग, रेस्टिंग स्टॉप, पार्किंग एवं अन्य विकास कार्य शाामिल है। गुरूवार को उक्त कार्यों का लोकार्पण म.प्र. राज्य आपूर्ति निगम के अध्यक्ष कु. प्रद्युम्न सिंह लोधी द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश मिश्रा ने की। इस अवसर पर भीमकुण्ड के श्री शंकृष्णाचार्य महाराज, हटा विधायक पी.एल. तन्तुवाय, बिजावर एसडीएम राकेश शुक्ला, जिला प्रबंधक पर्यटन अदिति चंसौरिया और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यों का लोकार्पण करते हुए आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री लोधी ने कहा कि हमें प्राकृतिक धरोहर को संजोकर रखना होगा। बड़ामलहरा विधानसभा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रकृति ने हमें अनमोल धरोहर दी है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र खनिज संपदा और वनसंपदा से भरपूर है। उन्होंने कहा भीमकुण्ड में रोपवे भी लगाएंगे और विकास के अन्य कार्य भी कराऐ जाएंगे। इस क्षेत्र में जेम क्वालिटी का हीरा डिपॉजिट है। विभिन्न स्वीकृतियां मिलने पर इसके कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि केन-बेतवा परियोजना को स्वीकृति मिल चुकी है। इससे यहां की 15 हजार एकड़ भूमि को सिचाई की सुविधा मिलेगी। सूखा पिछड़ा बुन्देलखण्ड के स्थान पर 5 साल बाद हरा भरा बुन्देलखण्ड देखने को मिलेगा।

# रानी दुर्गावती जयंती पर सरस्वती स्कूल में हुए आयोजन



**नौगांव, देशबन्धु।** शहर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में वीरांगना रानी दुर्गावती जयंती एवं मध्य प्रदेश में सरस्वती शिशु मंदिर के जनक की जन्म जयंती पर कार्यक्रम आयोजित पर प्रभात फेरी निकाली गई।

सरस्वती शिशु मंदिर में वीरांगना रानी दुर्गावती एवं मध्य प्रदेश सरस्वती शिशु मंदिर के जनक माननीय स्वर्गीय रोशन लाल सक्सेना जी के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती तरुणा सिंह चौहान( पत्नी स्वर्गीय जितेंद्र सिंह चौहान पूर्व छात्र सरस्वती शिशु मंदिर नौगांव) एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के व्यवस्थापक वीरेंद्र पाराशर और विशिष्ट अतिथि के रूप में अनूप कुमार तिवारी रहे।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य धीरेंद्र श्रीवास्तव ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत करते करते हुए रानी दुर्गावती एवं रोशन लाल के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्रीमती चौहान ने अपने उद्बोधन में माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्राविण्य सूची में आने वाले भैया बहनों को अपने पति स्वर्गीय जीतेन्द्र सिंह चौहान की स्मृति में 20 हजार की अनुदान राशि विद्यालय को प्रदान की, साथ ही विद्यालय के भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।

# प्राकृतिक चिकित्सा से रोगो का उपचार संभव



**छतरपुर, देशबन्धु।** आकाशवाणी तिराहा के निकट स्थित नीलांचल प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं नशा मुक्ति का तीन दिवसीय शिविर का समापन 3 अक्टूबर शाम साढ़े 6 बजे स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष प्रभात तिवारी की अध्यक्षता तथा डॉ. एसआर पाल के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पाल ने कहा कि हमारा शरीर पंच भूतों से निश्चित अनुपात से बना है इनकी कमीवेशी के कारण हम बीमार होते हैं जैसे बहुत मोटा होना या बहुत पतला होना बीमारी है, बहुत कम लंबा होना या बहुत लंबा होना रोग की निशानी है। प्राकृतिक चिकित्सा इन्हीं तत्वों का संतुलन विभिन्न विधियों के द्वारा पूरा कर मानव जीवन शक्ति बढ़ाकर स्वस्थ्य बनाया जाता है।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती दमयंती पाणि ने कहा कि मैं स्वयं ही मधुमेह से पीड़ित थी शुगर 230 रहती थी। अब प्राकृतिक चिकित्सा के प्रयोग से 115 से 120 रहती है। मेरा अनुभव यह है कि सभी रोगों पर प्राकृतिक चिकित्सा अच्छा काम करती है सभी लोगों को मिलकर इसका प्रचार प्रसार कर समाज को रोग मुक्त बनाना चाहिए। शिविर के संचालक डॉ. दिनेश मिश्रा ने कहा कि हमें प्राकृतिक चिकित्सा को चमक दमक से दूर रखकर ही इसे करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एडोल्फ जस्ट अपने चिकित्सालय में रोगियों को मिट्टी की झोपडियों में रखकर रोग मुक्त करते थे। एयर कंडीशन बना प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र वास्तव में व्यापार की केंद्र हैं। कम पैसे में सरलता पूर्वक भोजन, रहन-सहन, उपवास, विश्राम का समुचित प्रयोग से शरीर को स्वस्थ बनाया जा सकता है। हम चाहते हैं कि इसका प्रचार प्रसार कर समाज के धन एवं स्वास्थ्य को आसानी से बचाया जा सकता है।

पूर्व जिला पंचायत अधिकारी जेपी मिश्रा ने कहा कि हम प्रकृति के हिस्से हैं ना कि मालिक। मानव की लालच अधिक चाह हमें बीमार कर रही है इससे बचकर ही हम प्रकृति के नियमों के पाचन से बीमार नहीं होंगे। प्रभात तिवारी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हम सभी मिलकर गांव-गांव मोहल्ले मोहल्ले में इसके कैंप लगाकर जागरण करें। अंशुमान खरे, शंकर शरण खरे, आनंद शर्मा, डॉ मलखान सिंह, डॉ. धीरेंद्र शर्मा, हरनारायण, विमलेश माहोर ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद सारस्वत ने किया। इस आयोजन में मोहनलाल साहू, मीना मिश्रा, रामकिशन कुशवाहा, रोहित माहोर, नीलांचल मिश्र, नीलम पांडे, अरुण तिवारी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, जगत यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। डॉ. दिनेश मिश्रा ने सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

# जर्मनी में आयोजित होने वाले स्पेस एग्जीबिशन शामिल होने प्रखर को बुलावा



**नौगांव, देशबन्धु।** शहर के वार्ड नम्बर 11 गायत्री कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड बैंक कर्मी सीताराम विश्वकर्मा के कक्षा 12 वी में पढ़ने वाले अंतरिक्ष एवं खगोल में रुचि रखने वाले नाती प्रखर विश्वकर्मा को जर्मनी में आयोजित होने वाले स्पेस एग्जीबेशन में शामिल होने का आमंत्रण मिला है।

मूल रूप से पड़ोसी जिला टीकमगढ़ के लारौन गांव निवासी कक्षा 12 वी में पढ़ने वाला 16 वर्षीय छात्र प्रखर विश्वकर्मा आम बच्चों एवं छात्रों जैसा नहीं है। जिसे अपनी उम्र के बच्चों के साथ खेलना, मोबाइल पर गेम खेलना, घूमना, क्रिकेट आदि उसे बिलकुल भी पसंद नही है। पलेरा के मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले छात्र को बचपन से ही अंतरिक्ष में रुचि रही। जिसके चलते उसने अपनी उम्र से कई गुना बड़ा इनोवेशन करते हुए कबाड़ एवं अन्य सामग्री से मिसाइल बनाने लगा। युवा वैज्ञानिक प्रखर की सोच काबलियत एवं अंतरिक्ष में रुचि के चलते भारत देश की ऐसी मिसाइल पर काम करना शुरू किया कि दुश्मन पर हमला करने के बाद वापस अपने लांच पैड पर आए। जिसके चलते उसने कबाड़, सहित अन्य सामग्री से मिसाइल तैयार कर दी है। जिसको लेकर प्रखर विश्वकर्मा को स्पेस एग्जीबिशन-2023 में सम्मिलित होने के लिये बर्मन, जर्मनी (यूरोप) से आमन्त्रण आया है। यह 卐स्पेस एग्जीबिशन-2023卐 आगामी माह 14 से 16 नवम्बर तक जर्मनी में आयोजित किया जा रहा है। यह एग्जीबिशन आयोजित करने वाली कम्पनी स्पेस टेक्नोलॉजी एक्सपो ने प्रखर विश्वकर्मा को होने वाले एग्जीबिशन में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया है। प्रखर हमेशा से ही अंतरिक्ष और खगोल शास्त्र में नए-नए कीर्तिमान और इन्नोवेशन करते नजर आ रहे हैं। स्पेस एक्सपो यूरोप में हर साल एग्जीबिशन आयोजित करता है जहां पर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाता है। इसमें कई बड़े संस्थानों से वैज्ञानिक भी आते हैं। प्रखर का कहना है, ऐसे कार्यक्रमों से हमे बहुत कुछ सीखने को मिलता है, जो हमारे सुंदर भविष्य का निर्माण करने का अवसर देता है।

## पुलिया में धस गई बस ,हादसा टला

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के पन्ना रोड पर चल रहा पुलियों के चौड़ीकरण का काम निम्न स्तर का है। इसका उदाहरण गुरूवार को देखने मिला जब एक स्कूल की बस अचानक चौड़ी हुई पुलिया में धस गई। काफी मशक्कत के बाद इस बस को निकाला जा सका।जानकारी के अनुसार शहर के पन्ना रोड पर स्थित पुलियों का चौड़ीकरण कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा इन पुलिया में गुणवत्ताहीन मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है जिस कारण गुरूवार की सुबह बच्चों से भरी स्कूल की एक बस का पहिया पुलिया में जा धंसा। गनीमत रही कि बस हादसे का शिकार नहीं हुई। काफी मशक्कत के बाद बस को गड्ढे से निकाला जा सका।

## सार-समाचार

### बागरोही में निकली शोभायात्रा, आदिकुमार का हुआ जलाभिषेक



**शाहगढ़, देशबन्धु।** बगरोही में मुनिश्री विरंजन सागर के सानिध्य में श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात शांति धारा का सौभाग्य चंदवान बमनोरा व अनिल जैन अभाना को प्राप्त हुआ। जल विहार कार्यक्रम में सौधर्मेंद्र हुकुमचंद जैन, ईशानेंद्र विमल मोनू जैन, कोमल चंद्र संतोष कुमार जैन, जनसंतश्री ने अपने प्रवचनों में कहा कि शाकाहारी बने भगवान राम के पद चिन्ह पर चले। सुबह से ग्राम वासियों ने मुनि ससंघ की भव्य आगवानी की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### नगर परिषद में संजय बने सांसद प्रतिनिधि



**शाहगढ़, देशबन्धु।** सांसद प्रहलाद सिंह पटेल ने नगर परिषद में सांसद प्रतिनिधि संजय जैन मोनू को मनोनित किया है, सांसद प्रतिनिधि के रूप में वे नगर परिषद की बैठकों में हिस्सा लेंगे।

### मकरोनिया में इन्डोर स्टेडियम का भूमिपूजन आज

**मकरोनिया, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया द्वारा खेल स्टेडियम रविदास मंदिर गंभीरिया के पास स्वीकृत कराये गए। इन्डोर स्टेडियम का भूमिपूजन आज दोप. 12 बजे संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री भूपेन्द्र सिंह होंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में सांसद राजबहादुर सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रदीप लारिया करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरौठिया, नगर पालिका अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार। कार्यक्रम में भूमिहीन चिन्हित हितग्राहियों को पट्टा वितरण, मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा।

### निगम परिषद का साधारण सम्मेलन आज

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम का साधारण सम्मेलन आज दोपहर 1 बजे से नगर निगम सभाकक्ष में निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की अध्यक्षता में महापौर संगीता तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला एवं समस्त पार्षदों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। जिसमें नगर विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिये जायेंगे।

# मप्र का पहला अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से तैयार होगा सिद्ध क्षेत्र टिकीटोरिया का रोप-वे : भार्गव



**सागर, देशबन्धु।** मप्र का पहला अत्याधुनिक सुरक्षित अंतरराष्ट्रीय तकनीक से सिद्ध क्षेत्र टिकीटोरिया में रोप 18 माह में तैयार होगा। उक्त विचार लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने रहली विधानसभा क्षेत्र की सिद्ध क्षेत्र टिकीटोरिया में 17 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाली अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से रोप-वे के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अवधेश हजारी, राजेंद्र जारोलिया, सुरेश कपासिया, नरेश सोनी, देवराज सोनी, अमित नायक, अनु विभागीय अधिकारी गोविंद दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। भूमिपूजन के अवसर पर मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि मेरे 40 वर्षों का सपना आज पूरा हो रहा है। जब भी मैं मैहर एवं सलकनपुर जाता था तब मेरे विचार में आता था कि मेरे विधानसभा क्षेत्र टिकीटोरिया में भी इस प्रकार का रोप वे तैयार हो। इसी संकल्प एवं भावना से मप्र का पहला अत्यधिक अंतरराष्ट्रीय तकनीक से यह रूप भी तैयार होगा जिसमें मेट्रो ट्रेन की बोगी की तर्ज पर 40 तीर्थ यात्रियों को माता के दर्शन के लिए आ जा सकेंगे। हमें अपने तीर्थ स्थान की उन्नयन के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए क्योंकि देवी देवताओं के आशीर्वाद से ही हम सभी आगे बढ़ते हैं, जब देवी देवताओं का आशीर्वाद होता है तभी सभी कार्य सफल होते हैं। आज रहली विधानसभा में चारों तरफफोर लाइन सड़क तैयार की जा रही है जिससे आवागमन सुगम बन रहा है और क्षेत्र प्रगति कर रहा है। मैं अपने जीवन की 40 वर्ष से अधिक का समय आप लोगों को दिया है और अपने जीवन की अंतिम सांस तक देता रहूंगा। इस अवसर पर अवधेश हजारी ने कहा कि गोपाल भार्गव ने रहली को चार चांद लगाने का कार्य किया है उनका यह कार्य रहली वासी हमेशा याद रखेंगे। कार्यक्रम में एमपी आरडीसी के महाप्रबंधक नितिन भरवे ने स्वागत भाषण देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालक विक्की जैन ने किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई जन्म जयंती




**टड़ा, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल टड़ा में वीरांगना रानी दुर्गावती एवं सरस्वती शिशु मंदिर के जनक स्व. रोशन लाल सक्सेना की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कपिल पाठक द्वारा उक्त दोनों की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करते हुए अपने उद्बोधन दिए। इनके जन्म जयंती पर विद्यालय द्वारा घोषदल के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर सन 1524 को महोबा में हुआ था। दुर्गावती के पिता महोबा के राजा थे। रानी दुर्गावती सुन्दर, सुशील, विनम्र, योग्य एवं साहसी लड़की थी। विद्या भारती के तहत संचालित सरस्वती स्कूलों को मप्र, उप्र और बाद में देश के कई राज्यों में शुरू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रोशनलाल सक्सेना का जन्म 5 अक्टूबर 1931 को हुआ था। उन्होंने रीवा से गणित में एमएससी किया। 1943 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में गटनायक, गणशिक्षक, मुख्यशिक्षक, रीवा नगर कार्यवाह आदि उत्तरदायित्वों का निर्वाह किया। 12 फरवरी 1959 में बसंत पंचमी को एक धर्मशाला के छोटे से कमरे में पहला सरस्वती शिशु मंदिर प्रारंभ हुआ जिसकी प्रबंध समिति के रोशनलाल सचिव थे। धीरे धीरे विंध्य क्षेत्र में शिशु मंदिरों की संख्या बढकर 12 हो गई। तब विंध्य क्षेत्र की प्रांतीय इकाई बनाकर उसमें हर जिले को प्रतिनिधित्व दिया गया। इस कार्यक्रम को यादगार बनाने एवं सफल संचालन में समिति पदाधिकारी, सभी सदस्य, अभिभावक, पूर्व छात्र विद्यालयीन आचार्य परिवार एवं भैया बहनों की अहम भूमिका रही।

### विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**राहतगढ़, देशबन्धु।** शास. महाविद्यालय में स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संस्था के प्राचार्य डॉ. चंदनसिंह सागर के निर्देशन में विद्यार्थियों ने रैली निकाली। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से बस स्टैंड पुलिस चौकी तक रैली निकाली। इस मौके पर डॉ. ऋतु व्यास, डॉ. अपर्णा दुबे, डॉ. श्रीकांत रिंगे, डॉ. भरत पटेल, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. रश्मि जैन, अंजुलता गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

### बी पी साहू का निधन



**सागर, देशबन्धु।** आरटीओ कार्यालय के सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक भवानी प्रसाद साहू का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह दादा दरबार के सामने एकता कालोनी में निवास करते थे। गोपालगंज मुक्तिधाम में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मैं कार्यरत उनकी पुत्र सुरेंद्र कुमार साहू ने अंतिम संस्कार किया। एकता कालोनी विकास समिति ने साहू की निधन पर प्रस्ताव पारित कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सरस्वती शिशु मंदिर में रोशन लाल सक्सेना एवं वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वी जयंती मनाई

**बीना, देशबन्धु।** मप्र सरस्वती शिशु मंदिर योजना के शिल्पी रोशन लाल सक्सेना एवं वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वी जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर भगत सिंह वार्ड के 6 जी से 12 जी तक के लगभग 800 भैया बहिनों के द्वारा बड़े ही उत्साह, भारत माता, महारानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना रानी दुर्गावती जी के जयकारों के नारे एवं घोष दल के साथ विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जो नगर के मुख्य मार्गो थाना परिसर से प्रारंभ होकर सर्वोदय चौराहा, गांधी तिराहा, महावीर चौक, जागेश्वरी मंदिर से होती हुई थाना परिसर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा का प्रारंभ वीरांगना रानी दुर्गावती एवं रोशन लाल सक्सेना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शोभा यात्रा में बग्गी पर रानी दुर्गावती के चित्र एवं रानी दुर्गावती की झांकी सजाई गई। सर्वोदय चौराहा, गांधी तिराहा पर छोटे-छोटे, नन्हे मुन्ने भैया बहिनों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई एवं चंद्रशेखर आजाद की बनाई हुई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही जिसे लोगों ने खूब सराहा। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया एवं भगत सिंह वार्ड के प्रभारी प्राचार्य वीरेंद्र तिवारी द्वारा रोशन लाल सक्सेना एवं वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन वृत एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में समस्त भैया बहिन, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

### सविता सिंह राजपूत ने युवतियों को नि:शुल्क लाइसेंस वितरण किए



**सागर, देशबन्धु।** नारी सशक्तिकरण वो शक्ति हैं, जो एक बार कुछ ठान ले तो उसे पूरा करके ही छोड़ती है। ऐसी ही हमारी सुरखी की कई बेटियां हैं, जो अपने सपनों को पंख लगाकर सुरखी का नाम प्रदेश में रोशन कर रही है। पहले बेटियां पैदा होती थी तो सभी लोग उसको बोझ समझते थे, लेकिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हीं बेटियों को लक्ष्मी बना दिया है। यह बात राहतगढ़ में आयोजित नि:शुल्क लाइसेंस वितरण समारोह और फोर व्हीलर ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां बहुत आगे बढ़ रही हैं। मेरा पूरा परिवार आप लोगों के लिए समर्पित है, आप सभी को जब भी कोई भी जरूरत पड़े तो मेरा दरवाजा आप लोगों के लिए हमेशा खुला रहेगा। कार्यक्रम के दौरान आकाश गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि संघर्ष का राह पर जो भी तपा है, वह आगे जरूर बढ़ा है। इसलिए सुरखी की सभी बहनें अपने केरियर, अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार मेहनत करती रहें। कार्यक्रम में अन्य छात्राओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान युवतियों के लिए हेलमेट भी दिए गए।

### एनईपी युवा सारथी प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बीना, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एनईपी युवा सारथी प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है इससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अनेक अवसर प्राप्त होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत युवा सारथी उच्च शिक्षा में होने वाले नवाचारों से विद्यार्थियों को जागरूक करेंगे। एनईपी जिला एंबेसडर डॉ. एमएल सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूलभूत उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञानवान बनाना है। इसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी बहुआयामी प्रतिभा का विकास कर सकेंगे। नोडल अधिकारी गौरव सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूलभूत संरचना से अवगत कराया एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन में सभी की भागीदारी को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के संयोजक गौरव नैलवाल ने कहा की नए भारत की उम्मीदों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

सागर, शुक्रवार 6 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इन गिरफ्तारियों के संकेत साफ हैं

देश में सरकार विरोधी लोगों की गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। एक ओर तो आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन न्यूज़ पोर्टल 'न्यूज़क्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें पोर्टल के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती के साथ पुलिस कस्टडी में सौंपा गया है जहां हफ्ते भर दोनों से पूछताछ होगी। आप से राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह को दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो न्यूज़क्लिक पर आरोप है कि उसने चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिये धन लिया है। आप पार्टी के दो वरिष्ठ मंत्री शराब मामले में पहले से जेल में हैं- उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आबकारी मंत्री सत्येन्द्र जैन। दोनों पर शराब नीति में फेरबदल कर घूस लेने के आरोप हैं। इसी की कड़ी के रूप में संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुरकायस्थ एवं चक्रवर्ती के अलावा और भी कई प्रतिष्ठित पत्रकारों को पुलिस ने पूछताछ के लिये बुलाया था। उनमें से कई के लैपटॉप व मोबाइल जब्त कर लिये गये थे। इनमें उर्मिलेश, अनिंद्य चक्रवर्ती, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अभिसार शर्मा तो थे ही, इतिहासकार सोहेल हाशमी, व्यंग्यकार संजय राजौरा एवं सेंटर फॉर टेक्नालॉजी एंड डेवलपमेंट के डी रघुनंदन शामिल हैं। पूछताछ के बाद दोनों के अलावा अन्य को जाने दिया गया। ऐसे ही, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी को कई पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कृषि भवन के बाहर धरना दे रहे थे। उनसे पहले ही कथित कोयला घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई बार पूछताछ कर चुकी है। यह भी माना जाता है कि उन पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

कहने को तो ये सारे मामले अलग-अलग हैं लेकिन राजनैतिक रूप से देखें तो साफ हो जाता है कि इनका आपस में सूक्ष्म सम्बन्ध है। संजय सिंह एक बेहद मुखर सांसद हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार के कट्टर आलोचकों में से एक माने जाते हैं। प्रभावशाली वक्ता होने एवं निडरता से अपनी बात रखने वाले संजय पर आरोप है कि शराब घोटाले के एक आरोपी बिचौलिये दिनेश अरोरा से उन्होंने दिल्ली के बार व रेस्त्रां मालिकों से उनकी पार्टी के लिये धन जुटाने को कहा था। अरोड़ा ने 82 लाख रुपये का चेक भी दिया था। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह ने संसद में मोदी के मित्र कहे जाने वाले देश के प्रमुख कारोबारी गौतम अदानी के खिलाफ जोर-शोर से आवाज़ उठाई थी। ऐसे ही, अयोध्या के रामजन्मभूमि परिक्षेत्र में कथित जमीन घोटाले का भी संजय सिंह ने बहुत दमदारी से पर्दाफाश किया था। उस वक्त भाजपा के साथ मंदिर ट्रस्ट की बहुत भद्द पिटी थी। तभी से वे भाजपा की आंखों को खटक रहे थे।

पुरकायस्थ की बात करें तो न्यूज़क्लिक को एक निर्भीक पोर्टल के रूप में जाना जाता है जिसकी उन्होंने स्थापना की थी। वे देश के बहुत प्रतिष्ठित व साहसी पत्रकारों में से एक माने जाते हैं। सरकार से सवाल करने के कारण उनके प्रति भी केन्द्र सरकार व भाजपा की नाराज़गी स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, जिन पत्रकारों को पूछताछ के लिये बुलाया गया था, वे सारे अपने सरकार विरोधी रवैये के कारण जाने जाते हैं जो जनपक्षधरता की पत्रकारिता करते हैं और सरकार के लोकतंत्र विरोधी कदमों का पुरज़ोर विरोध करते हैं। सरकार से सवाल करना अपना पेशागत धर्म मानने वाले ये पत्रकार शासकीय कार्रवाई की जद से बाहर निकल गये हैं- ऐसा मानने वाले गलत साबित हो सकते हैं।

अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को दबाने की आदी मोदी सरकार का यह रवैया वैसा ही है जैसा कि पूरा देश पिछले 9 वर्षों से प्रत्यक्ष देख रहा है। संसद के बाहर हो या भीतर, विरोधी दलों के नेताओं पर अपनी जांच एजेंसियों- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) तथा आयकर विभाग (आईटी) के छापे डलवाना तथा आधे-अधूरे आरोपों के आधार पर या बेवजह उन्हें गिरफ्तार करना मोदी सरकार की नीति और कार्यपद्धति में शामिल हो चुका है। अनेक प्रतिपक्षी नेता जेलों में बन्द हैं या विभिन्न आरोपों से सम्बन्धित पूछताछ से गुजर रहे हैं जिन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। जिन सांसदों को वह गिरफ्तार नहीं कर पाती उन्हें सदन से निलम्बित करना, उनकी आवाज को म्यूट कर देना अथवा उनके वाक्यांशों को कार्रवाई से निकाल देना मोदी सरकार के उपकरण हैं जो पूर्णत: अलोकतांत्रिक हैं। स्वयं संजय सिंह को पिछली बार पूरे सत्र के लिये निलम्बित कर दिया गया था जिसके कारण उन्हें संसद परिसर में ही गांधी प्रतिमा के पास धरना देना पड़ा था। टीएमसी के ही डेरेक ओ ब्रायन भी निलम्बन झेल चुके हैं। गुजरात की एक कोर्ट द्वारा अवमानना के आरोप में हुई सजा के बाद राहुल गांधी की सदस्यता छीनी गयी थी। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी भी निलम्बित हुए थे।

जहां तक पत्रकारों की गिरफ्तारी की बात है, कई भाजपा शासित राज्यों में अनेक पत्रकार इसलिये जेलों में बन्द हैं क्योंकि उन्होंने सरकारी की खामियां उजागर कर दी थीं। ये बड़े ओहदों पर बैठे पत्रकार नहीं हैं लेकिन अब जैसे बड़े पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई हुई है उसके संकेत साफ हैं कि भाजपा, उसकी सरकारों या मोदी के खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को चुप कराया जायेगा।


# अभिव्यक्ति की आज़ादी पर लगता पूर्णग्रहण

अभिव्यक्ति की आज़ादी पर ग्रहण तो पहले से ही था, अब पूर्णग्रहण ही लग गया है। पत्रकारों की आवाज़ें दबाई नहीं जा रहीं, सीधे गले ही घोंटे जा रहे हैं। उन्हें 'देशद्रोही' कहा जा रहा है क्योंकि वे वैसा लिख-बोल नहीं रहे हैं, जैसा सरकार चाहती है। सरकार से अलग सोचना अब देशद्रोही हो जाना है। पत्रकार या नागरिक अलग सोच सकते हैं-यह समझ किसी भी लोकतान्त्रिक सरकार को उसी दिन से होती है जिस दिन वह चुनकर आई होती है। उसे पता होता है कि जो जनसमर्थन आज उसके लिए जुटा है वह कल किसी और के लिए था, तो कल किसी और के लिए जुटेगा। आखिर क्यों इस सरकार का भरोसा उन मतदाताओं पर से ही डिग रहा है जिन्होंने इसे चुना था। लोकतंत्र में डम-डम डिगा-डिगा का राग कब हमेशा किसी एक के लिए बजता रहा है? नौ साल पहले ये ही पत्रकार आज़ादी के पैरोकार और 1975 के आपातकाल में तो पूजनीय थे। अब वे देशद्रोही हो गए हैं। इस अविश्वास की वजह क्या है? प्रधान सेवक बनते-बनते यह तानाशाह का राजदंड भला क्यों हाथ में ले लिया गया है? क्या महान पूर्ववर्तियों को इस बात का आभास पहले ही था जो उन्होंने कह दिया था कि राजधर्म का पालन नहीं हुआ है। आज पत्रकार गिरफ्तार हो रहा है और विपक्ष जेल में ठूंसा जा रहा है।

लगभग 46 पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं न्यूज़ क्लिक पोर्टल के कर्मचारियों के घरों पर मंगलवार को पुलिस ने छापे मारे। ये पत्रकार मुख्य धारा में नहीं बल्कि वैकल्पिक मीडिया के ज़रिये अपनी पत्रकारिता कर रहे थे। बुधवार को न्यूज़ क्लिक न्यूज़ पोर्टल के संस्थापकों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर ले लिया गया था।

क्या वाकई वैकल्पिक मीडिया इतना शक्तिशाली हो गया है कि सरकार को लगता है कि मतदाता इससे प्रभावित हो रहा है? खुद प्रधानमंत्री ने भी पिछले दिनों यू ट्यूब पर खुद को सब्सक्राइब करने की अपील की है। क्या इस माध्यम को भी टीवी न्यूज़ चैनलों की तरह एकतरफ़ा मोड में लाने की कोशिश है क्योंकि मंगलवार को न्यूज़ क्लिक पोर्टल के संस्थापकों के साथ ही उसके लिए कंटेंट देने वाले यू ट्यूबर्स से भी गहरी पूछताछ की गई। उनसे पूछा गया कि क्या आप शाहीन बाग़ गए थे, क्या आपने दिल्ली दंगों और किसान आंदोलन को कवर किया है? क्या आप जेएनयू संघर्ष के समय वहां थे?

सब जानते हैं कि ये तमाम मसले सरकार के गृह मंत्रालय की नाक में दम कर देने वाले रहे थे। शाहीन बाग़ में आंदोलन कर रही महिलाओं को उठाने के लिए सरकार के मंत्रियों ने अपशब्दों और फिर बल के प्रयोग का समर्थन किया जो अंत में दिल्ली के दंगों की आग में बदल गया। किसान आंदोलन के समय बरसों बाद फिर से खालिस्तानी लफ्ज़ का इस्तेमाल हुआ जो अब वास्तव में बार-बार दोहराए जाने से विदेशी धरती पर खाद-पानी पा गया लगता है। पत्रकारों की इस गिरफ़्तारी और पूछताछ का आधार चीन से मिले पैसों को बनाया गया है जिसे नकारते हुए पत्रकार अभिसार शर्मा ने कहा कि मैंने ऐसा एक भी कार्यक्रम नहीं बनाया है जिसमें चीन का प्रोपेगेंडा हो। उलटे, मैंने सरकार से ये सवाल ज़रूर किये थे कि सीमा पर हमारे 20 सैनिक क्यों शहीद हुए। पत्रकार ने यह भी साफ़ किया कि मेरी जो भी कमाई है वह मेरे बैंक ट्रांज़िशन का हिस्सा है। छूटने के बाद पत्रकार के कार्यक्रम को साढ़े 12 लाख लोग देख चुके हैं जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे पुलिस की इस स्पेशल सेल के छापे के समय स्कूल जा रहे थे फिर भी मैं हर सवाल का जवाब दूंगा लेकिन सरकार से सवाल पूछना बंद नहीं करने वाला हूं।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> **वैकल्पिक मीडिया इतना शक्तिशाली हो गया है कि सरकार को लगता है कि मतदाता इससे प्रभावित हो रहा है? खुद प्रधानमंत्री ने भी पिछले दिनों यू ट्यूब पर खुद को सब्सक्राइब करने की अपील की है। क्या इस माध्यम को भी टीवी न्यूज़ चैनलों की तरह एकतरफ़ा मोड में लाने की कोशिश है क्योंकि मंगलवार को न्यूज़ क्लिक पोर्टल के संस्थापकों के साथ ही उसके लिए कंटेंट देने वाले यू ट्यूबर्स से भी गहरी पूछताछ की गई।**

चीन से कनेक्शन अगर पत्रकारों की अभिव्यक्ति को दबाने का आधार है तो फिर अपने पहले कार्यकाल में चीनी राष्ट्रपति के बेहद नज़दीक जाते हुए देश ने अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी देखा है। गुजरात में झूला झूलते (2016) हुए और महाबलीपुरम (2019) में उनके टूरिस्ट गाइड हमारे प्रधानमंत्री ही थे। प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारतीय वेशभूषा वेष्टि धारण की थी और चैन्नई से महाबलीपुरम तक बड़े-बड़े पोस्टर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव शी जिनपिंग के थे। देश को उम्मीद थी कि हमारे लोकप्रिय और काबिल प्रधानमंत्री 1962 के युद्ध की तकलीफ़ और विभीषिका को धो देंगे लेकिन चीन धोखेबाज़ निकला। भारत की बेहतरीन मेज़बानी के बावजूद उसने गालवान घाटी में हमारे सैनिकों पर हमला किया। कूटनीतिक रिश्तों में ऐसे मंज़र आते हैं लेकिन देश ने कभी कटघरे में खड़ा करते हुए यह नहीं कहा कि चीन को समझने में आप से भूल क्यों हुई? जबकि देश पहले भी धोखा खा चुका है। अब चीन के नाम पर पत्रकारों को डराया जा रहा है।

ये सभी वे पत्रकार हैं जो सरकार से सवाल करते हैं। न्यूज़ पोर्टल और पत्रकारों पर दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज़ किया है जिसमें ज़मानत लगभग नामुमकिन है। न्यूज़ क्लिक पर एफआईआर जो एक पुलिस इंस्पेक्टर की ही है, उसमें आरोप है कि यह कश्मीर को भारत के नक्शे से मिटाना चाहते हैं, चीन से पैसे लेते हैं, भारत की एकता और अखंडता को ख़त्म करना चाहते हैं और अरुणाचल प्रदेश को विवादित क्षेत्र बताना चाहते हैं। न्यूज़ क्लिक ने इन आरोपों से इंकार करते हुए कहा है कि सारी फंडिंग बैंकों के ज़रिये हुई है लेकिन जिस आधार पर हमसे पूछताछ हुई है उसका आधार दिल्ली दंगे और किसान आंदोलन है जिससे मंतव्य समझा जा सकता है। हमें कोर्ट और न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है।

ये सभी अनुभवी पत्रकार हैं जो कभी प्रभावी मीडिया चैनलों का हिस्सा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश ने आपातकाल में भी अपनी आवाज़ बुलंद की थी। भाषा सिंह, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अनिंद्यो चक्रवर्ती भी मुखर पत्रकारिता करते आए हैं। अब पत्रकार यह मानने लगे हैं कि उन पर दबाव का सिलसिला और बढ़ने वाला है। सत्ता आधी रात को जगा कर उनके फ़ोन, लैपटॉप जब्त कर सकती है। एक डरी हुई सरकार ने भी आपातकाल लगाकर पत्रकारों को जेल में डाला था। तानाशाह को आज़ाद आवाजें पसंद नहीं आतीं। पता नहीं कैसे संत कबीर लिख पाए और महात्मा गांधी ने स्वराज ला दिया। महात्मा गांधी 'यंग इंडिया', 'नवजीवन' में गोरी सत्ता के ख़िलाफ़ लगातार लिखते रहे। आज प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में हम 180 देशों के बीच 161 वें स्थान पर हैं। केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन उत्तर प्रदेश में 27 महीनों की जेल काटकर ज़मानत पर इसी साल छूटे हैं। उन्हें भी यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया था, मानों वे कोई आतंकवादी हों। वे दलित लड़की के साथ हुए बलात्कार केस की रिपोर्टिंग के सिलसिले में हाथरस गए थे। जेल में उन्हें दो बार कोविड हुआ और जब अस्पताल में दाख़िल कराया गया तब स्टाफ के एक अधिकारी ने कहा कि 'यह आतंकवादी है'। पांच दिनों तक उन्हें टॉयलेट जाने से रोका गया और हाथों को हथकड़ियों से बांधकर इलाज किया गया।

मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगकेम को देशद्रोह के आरोप में सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। अपराध था मणिपुर सरकार की आलोचना। तब भी मुख्यमंत्री बिरेन सिंह मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री थे। पत्रकार का गुनाह यह था कि राज्य में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव को मनाए जाने के खिलाफ पोस्ट लिखी थी। दो छोटे बच्चों की मां और पत्रकार किशोर की पत्नी रंजीता ने यह लड़ाई लड़ी और बमुश्किल पति के लिए ज़मानत हासिल की।

साल 2019 में ही उत्तर प्रदेश में मिड डे मील में नमक-रोटी परोसे जाने को लेकर पत्रकार पवन जायसवाल के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज किया गया। यह मिर्ज़ापुर की घटना थी। प्रेस कॉउंसिल के दखल के बाद पुलिस ने पत्रकार का नाम हटा दिया लेकिन बाद में इस युवा पत्रकार की कैंसर से मौत हो गई। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' से भी सरकार खासी ख़फ़ा रही। आयकर विभाग की कार्रवाई दंडित करने की मंशा से हुई। इसे 'भ्रष्ट और बकवास कॉरपोरेशन' भी कहा गया।

अमेरिकी चिंतक और आलोचक नॉम चोम्स्की ने कहा है कि जिनसे हम नफ़रत भी करते हैं और उनकी अभिव्यक्ति की आज़ादी में यकीन नहीं करते तो यकीनन हम अभिव्यक्ति की आज़ादी में भी यकीन नहीं करते। मशहूर दार्शनिक वाल्तेयर भी कह गए हैं कि हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत ना हो पाऊं लेकिन विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करुंगा। बेशक यह हमारा बुनियादी संवैधानिक हक़ है जिसे इन दिनों छीना जा रहा है। एडिटर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया ने इन गिरफ़्तारियों का विरोध किया है।

देश में पत्रकारों के 16 संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है कि आप ही हमारी अंतिम उम्मीद हैं और एक एसओएस संदेश दिया है 'सेव अवर सोल', यानी हमारी आत्मा की रक्षा कीजिये! अच्छी बात यह है कि पत्रकारों का हौसला अब भी बना हुआ है। वे गजानन माधव मुक्तिबोध की कविता की इन पंक्तियों से भी प्रेरणा लेते हैं-

अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे<br>
उठाने ही होंगे।<br>
तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# न्यूज़क्लिक पर छापेमारी स्वतंत्र मीडिया को डराने-धमकाने की नीति का हिस्सा

■ के रवीन्द्रन

न्यूज़ क्लिक में पत्रकारों के खिलाफ आतंकवादी कानूनों का उपयोग नरेंद्र मोदी सरकार के इस इरादे को बहुत स्पष्ट करता है: स्वतंत्र मीडिया संगठनों को आतंकित करना जो देश में हावी गोदी मीडिया परिदृश्य से अलग स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करते हैं। जैसा कि प्रतीत होता है, सरकार को महसूस करती है कि जो थोड़े से स्वतंत्र मीडिया संगठन उसके प्रभाव के दायरे से बाहर हैं, उन्हें भी काम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, विशेषकर ऐसे समय में जब जाति जनगणना और सामाजिक न्याय के पुन: दावे के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के तहत एकीकृत विपक्ष के उद्भव ने उसके लिए नये खतरे उपस्थित कर दिये हैं, और आगामी चुनावों के लिहाज से केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार कमजोर होती दिख रही है।

न्यूज़क्लिक के ख़िलाफ़ मामला, जो 2021 से लंबित है, मुख्य रूप से कथित मनीलॉन्ड्रिंग के बारे में है और मनीलॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा भी चलाया जा रहा है। आरोपों में शेयरों का अधिक मूल्यांकन, फंड का डायवर्सन और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन शामिल है। पोर्टल और संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ ने प्रवर्तन निदेशालय को उनके खिलाफ 'जबरन कार्रवाई' से रोकने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश भी प्राप्त कर लिया था। लेकिन इस साल अगस्त में, ईडी ने आरोपियों को सुरक्षा देने के अपने पहले के आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। पोर्टल के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा के आपराधिक मामले को रद्द करने की न्यूज़ क्लिक की याचिका पर अदालत ने अभी तक अपना फैसला नहीं सुनाया है। लेकिन सरकार ने अब न केवल संगठन बल्कि उसके पदाधिकारियों के खिलाफ भी आतंकवाद के आरोप लगाये हैं।

छापों की तीव्रता और नाटकीयता से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह विचार डराने-धमकाने का है। कर्मचारियों के साझा आवासों सहित 30 स्थानों पर तलाशी ली गई और उनके कम्प्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किये गये। ये छापे आईएसआईएस और हाल ही में पीएफआई जैसे गैरकानूनी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याद दिलाते हैं। इस बार भी आरोप वैसे ही हैं जैसे पीएमएलए के मामले में थे, जैसे देशद्रोह।

> **छापों की तीव्रता और नाटकीयता से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह विचार डराने-धमकाने का है। कर्मचारियों के साझा आवासों सहित 30 स्थानों पर तलाशी ली गई और उनके कम्प्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किये गये। ये छापे आईएसआईएस और हाल ही में पीएफआई जैसे गैरकानूनी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याद दिलाते हैं। इस बार भी आरोप वैसे ही हैं जैसे पीएमएलए के मामले में थे, जैसे देशद्रोह।**

2014 में मोदी के सत्ता संभालने के बाद से छापे के पैटर्न स्पष्ट रूप से सामने आ गये हैं। इस साल फरवरी में, प्रधानमंत्री की आलोचना करने वाली एक डॉक्यूमेंट्री की रिलीज के मद्देनजर बीबीसी के परिसरों पर छापे मारे गये थे। इसी तरह की कार्रवाई मोदी सरकार की आलोचना करने वाली अन्य मीडिया इकाइयों जैसे द क्विंट और द वायर के खिलाफ भी की गई है। 2021 में, आयकर अधिकारियों ने सरकार की कोविड महामारी से निपटने में कमियों की आलोचना करने के लिए, देश के अग्रणी और प्रभावशाली समाचार पत्र समूहों में से एक, दैनिक भास्कर के मामलों की जांच भी शुरू की थी।

हिसाब बराबर करने के लिए प्रवर्तन महानिदेशालय और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग न्यायपालिका के ध्यान से बच नहीं पाया है, जो हाल ही में समस्या के बारे में तेजी से मुखर रही है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में आलोचकों द्वारा उठाये गये सभी मुद्दों की जांच करने के लिए तैयार है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह के दुरुपयोग के खिलाफ खुद को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, जिससे यह जानकारी मिलती है कि अदालत आने वाले दिनों में इस समस्या से कैसे निपटें उसकी योजना बना रही है।

भले ही पुरकायस्थ और उनके एचआर मैनेजर से ईडी की हिरासत में पूछताछ चल रही है, लेकिन मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में इसी तरह की दो गिरफ्तारियां रद्द करने के बाद एजेंसी को सर्वोच्च न्यायालय की फटकार का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने कहा कि प्रवर्तन महानिदेशालय प्रतिशोधात्मक तरीके से व्यवहार नहीं कर सकता और उसे उच्चतम स्तर की निष्पक्षता के साथ काम करते हुए दिखना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा, 'ईडी की हर कार्रवाई पारदर्शी, संदेह से ऊपर और कार्रवाई में निष्पक्षता के प्राचीन मानकों के अनुरूप होने की उम्मीद की जाती है।' गुरुग्रम के एम3एम ग्रुप के निदेशकों- बसंत बंसल तथा पंकज बंसल ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसने जून में जमानत के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था।

अदालत ने कहा कि इस मामले में, तथ्यों से पता चलता है कि जांच एजेंसी 'अपने कार्यों का निर्वहन करने और अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में विफल' रही। न्यायाधीशों ने कहा, 'ईडी से अपने आचरण में प्रतिशोधपूर्ण होने की उम्मीद नहीं की जाती है और उसे अत्यंत ईमानदारी और उच्चतम स्तर की निष्पक्षता और निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार होना चाहिए।

न्यायाधीशों ने कहा कि ईडी को यह विश्वास करने के लिए विशेष रूप से कारण ढूंढना होगा कि आरोपी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध के दोषी हैं और सम्मन के जवाब में केवल असहयोग किसी को भी गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। अदालत ने कहा, 'पूछताछ के लिए बुलाये गये व्यक्ति से अपराध स्वीकार करने की उम्मीद करना ईडी के लिए समुचित नहीं है।'

## पावन प्रसंग

# 'श्राद्ध' पितरों का पर्व

'श्रद्धया दीयते यत् तत् श्राद्धम्।'

'श्राद्ध' का वास्तविक अर्थ है कि जो कुछ भी दिया जाए श्रद्धा से दिया जाय। पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किए गए पदार्थ-दान (हविष्यान्न, तिल, कुश, जल के दान) का नाम ही श्राद्ध है। श्राद्धकर्म पितृऋण चुकाने का सरल व सहज मार्ग है। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितरगण वर्षभर प्रसन्न रहते हैं।

श्राद्ध-कर्म से व्यक्ति केवल अपने सगे-सम्बन्धियों को ही नहीं, बल्कि ब्रह्मा से लेकर तृणपर्यन्त सभी प्राणियों व जगत को तृप्त करता है। पितरों की पूजा को साक्षात विष्णुपूजा ही माना गया है। प्राय: कुछ लोग यह शंका करते हैं कि श्राद्ध में समर्पित की गईं वस्तुएं पितरों को कैसे मिलती है? कर्मों की भिन्नता के कारण मरने के बाद गतियां भी भिन्न-भिन्न होती हैं जैसे कि कोई देवता, कोई पितर, कोई प्रेत, कोई हाथी, कोई चींटी, कोई वृक्ष और कोई तृण बन जाता है। तब मन में यह शंका होती है कि छोटे से पिण्ड से अलग-अलग योनियों में पितरों को तृप्ति कैसे मिलती है? इस शंका का स्कन्दपुराण में बहुत सुन्दर समाधान मिलता है।

एक बार राजा करन्धम ने महायोगी महाकाल से पूछा कि, मनुष्यों द्वारा पितरों के लिए जो तर्पण या पिण्डदान किया जाता है तो वह जल, पिण्ड आदि तो यहीं रह जाता है फिर पितरों के पास वे वस्तुएं कैसे पहुंचती हैं और कैसे पितरों को तृप्ति होती है?

भगवान महाकाल ने बताया कि, विश्वश्वनियन्ता ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि श्राद्ध की सामग्री उनके अनुरुप होकर पितरों के पास पहुंचती है। इस व्यवस्था के अधिपति हैं 'अग्निष्वात'। पितरों और देवताओं की योनि ऐसी है कि वे दूर से कही हुई बातें सुन लेते हैं, दूर की पूजा ग्रहण कर लेते हैं और दूर से कही गई स्तुतियों से ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे भूत, भविष्य व वर्तमान सब जानते हैं और सभी जगह पहुंच सकते हैं। पांच तन्मात्राएं, मन, बुद्धि, अहंकार और प्रकृति, इन नौ तत्वों से उनका शरीर बना होता है और इसके भीतर दसवें तत्व के रूप में साक्षात भगवान पुरुषोत्तम उसमें निवास करते हैं। इसलिए देवता और पितर गन्ध व रसतत्व से तृप्त होते हैं। शब्दतत्व से रहते हैं और स्पर्शतत्व को ग्रहण करते हैं। पवित्रता से ही वे प्रसन्न होते हैं और वर देते हैं।

जैसे मनुष्यों का आहार अन्न है, पशुओं का आहार तृण है, वैसे ही पितरों का आहार अन्न का सार-तत्व (गंध और रस) है। अत: वे अन्न व जल का सारतत्व ही ग्रहण करते हैं। शेष जो स्थूल वस्तु है, वह यहीं रह जाती है।

नाम व गोत्र के उच्चारण के साथ जो अन्न-जल आदि पितरों को दिया जाता है, विश्वेदेव एवं अग्निष्वात (दिव्य पितर) हव्य-कव्य को पितरों तक पहुंचा देते हैं। यदि पितर देवयोनि को प्राप्त हुए हैं तो यहां दिया गया अन्न उन्हें 'अमृत' होकर प्राप्त होता है। यदि गन्धर्व बन गए हैं तो वह अन्न उन्हें भोगों के रूप में प्राप्त होता है। यदि पशुयोनि में हैं तो वह अन्न तृण के रूप में प्राप्त होता है। नागयोनि में वायुरूप से, यक्षयोनि में पानरूप से, राक्षसयोनि में आमिषरूप में, दानवयोनि में मांसरूप में, प्रेतयोनि में रुधिर रूप में और मनुष्य बन जाने पर भोगने योग्य तृप्तिकारक पदार्थों के रूप में प्राप्त होता हैं।

जिस प्रकार बछड़ा झुण्ड में अपनी मां को ढूंढ़ ही लेता है, उसी प्रकार नाम, गोत्र, हृदय की भक्ति एवं देश-काल आदि के सहारे दिए गए पदार्थों को मन्त्र पितरों के पास पहुंचा देते हैं। जीव चाहें सैकड़ों योनियों को भी पार क्यों न कर गया हो, तृप्ति तो उसके पास पहुंच ही जाती है। श्राद्ध से बढ़कर और कोई कल्याणकारी कार्य नहीं है और वंशवृद्धि के लिए तो पितरों की आराधना ही एकमात्र उपाय है। पितर प्रसन्न तो सभी देवता भी प्रसन्न हो जाते हैं।

ब्रह्मपुराण में बताया गया है कि धन के अभाव में श्रद्धापूर्वक केवल शाक से भी श्राद्ध किया जा सकता है। यदि इतना भी न हो तो अपनी दोनों भुजाओं को उठाकर कह देना चाहिए कि मेरे पास श्राद्ध के लिए न धन है और न ही कोई वस्तु। अत: मैं अपने पितरों को प्रणाम करता हूं, वे मेरी भक्ति से ही तृप्त हों।

**आर.डी.अग्रवाल (सुमन सागर)**

## आपके पत्र

# बिहार में खेल के क्षेत्र में सुधार की कवायद

एक समय था जब कहा जाता था, 'पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराब'. मगर बदलते समय के साथ इस कहावत के मायने बदल गये हैं. अब 'खेल-खेल में पढ़ाई' पर जोर दिया जाने लगा है। खेल के क्षेत्र में कैरियर की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए युवा इसकी ओर आकर्षित होने लगे हैं। ग्लैमर, पैसा एवं सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध अवसरों के कारण गांव के युवाओं-छात्राओं में भी खेल के प्रति रूचि बढ़ी है। छोटे-बड़े शहरों से लेकर स्कूल-कॉलेजों के स्पोर्ट्स ग्राउंड एवं गांवों के खेत-खलिहान में युवाओं को क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, कुश्ती आदि खेलते देखे जा सकते हैं। अन्य राज्यों की तरह बिहार के सुदूर देहाती इलाकों में भी क्रिकेट क्लब, फुटबॉल क्लब आदि का गठन कर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहता है। सरकार भी खेलकूद को बढ़ावा देने की कवायद में जुटी हुई है। लेकिन इन खिलाड़ियों के सामने कई चुनौतियां भी हैं, जो उन्हें नेशनल-इंटरनेशनल टूर्नामेंट तक पहुंचने में बाधक बनी हुई है।

वैशाली जिले के अरनिया जंदाहा निवासी नीतीश कुमार स्नातक के छात्र हैं। वे पिछले कई सालों से क्रिकेट के मैदान पर बेहतरीन बॉलर के तौर पर पसीने बहा रहे हैं। ऑल इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी के क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में नीतीश ने दूसरे स्टेट में जाकर भी टूर्नामेंट खेला है। लेकिन अब तक उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। नीतीश का कहना है कि पहले की तुलना में अब प्रदेश में खेलकूद का माहौल बदला है। सरकार अपनी योजनाओं में खेलों को बढ़ावा देने में प्राथमिकता दे रही है। कोचिंग भी मिल रही है, लेकिन अभी और ध्यान देने की जरूरत है। मुजफ्फरपुर के खेल संघ से जुड़े रहे एक पदाधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नि:संदेह बिहार में खेल के क्षेत्र में बदलाव आए हैं, लेकिन खेल संघों की राजनीति, जातिवाद-पैरवी, खेलकूद के लिए आबंटित पैसों में गड़बडी, खिलाड़ियों को समय पर पैसे न मिलना आदि कुछ ऐसी चीजें हैं, जो खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में बाधक बनती हैं।

बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. लेकिन करप्शन, खेल संघों में राजनीति, जातिवाद, पैरवी और पैसों का खेल बहुत सारी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने नहीं दे रहा है. ट्रायल के दौरान ही बहुत सारे वाजिब खिलाडियों को टूर्नामेंट में भाग लेने से रोक दिया जाता है और ऐसे खिलाड़ियों को चुन लिया जाता है जिनमें खेल को छोड़कर उपर्युक्त सभी गुण होते हैं. ऐसे में ज़रूरी है कि यदि बिहार में भी खेलों को बढ़ावा देना है और यहां के खिलाड़ियों को अंतर्राष्टीय टूर्नामेंटों तक पहुंचना है तो सबसे पहले चयन में पारदर्शिता लानी होगी. खेल संघों को राजनीति, जातिवाद और पैरवी करने वालों से मुक्त करना होगा. एक खिलाड़ी ही खेल के महत्व और खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचान सकता है. इसलिए ज़रूरी है कि खेल संघों की कमान केवल राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों के हाथों में होनी चाहिए।

**रिंकु कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**गरीबों का पैसा लूटने नहीं....** किया गया। इन नामों की वजह से असली हकदारों के स्थानों पर खजाना लूटने वाले लोग हावी हो गए थे। अब वास्तविक गरीबों को पैसा मिल रहा है, जो उन्हें काम आ रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से जुड़ी 12 हजार करोड़ से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास भी किए।

श्री मोदी ने प्रमुख रूप से जिन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया उनमें रानी दुर्गावती स्मारक का भूमिपूजन लागत 100 करोड़ रूपए, जल जीवन मिशन के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण लागत 2 हजार 455 करोड़ रूपए, सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण लागत 5 हजार 75 करोड़ रूपए, औद्योगिक परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण लागत 3 हजार 15 करोड़ रूपए, लाइट हाउस प्रोजेक्ट इंदौर का लोकार्पण लागत 128 करोड़ रूपए, रेल लाइनों के दोहरीकरण कार्य का लोकार्पण लागत एक हजार 867 करोड़ रूपए शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्य शासन के अनेक मंत्री, प्रदेश के सांसद और अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**शिवराज ने बताईं उपलब्धियां, कहा....** में पेसा एक्ट लागू किया गया है, जिससे जनजातियों को जल, जमीन और जंगल के अधिकार मिले हैं। जहाँ तेंदूपत्ता जैसे वन उत्पाद को बेचने और लाभ प्राप्त करने का अधिकार जनजातीय वर्ग को मिल रहा है, वहीं शांति, विवाद निवारण समितियां जनजातीय क्षेत्रों में छोटे-मोटे विवादों को परस्पर चर्चा द्वारा हल कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब कल्याण का संकल्प लिया है। मध्यप्रदेश में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्ट्रीट वेण्डर्स के कल्याण, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना, स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में अव्वल रहने का कीर्तिमान बनाया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के स्वच्छता मंत्र को भी अपनाया गया है।

**मप्र में हुए ढाई सौ से अधिक....** मिड डे मील घोटाला, सर्व शिक्षा अभियान का घोटाला, स्कॉलरशिप में घोटाला भर्ती परीक्षाओं में घोटाला, धार में बने हुए डेम में भी इन्होंने भ्रष्टाचार किया है। प्रियंका ने सवाल पूछा कि क्या इन्होंने उसकी जांच की यहां पर ईडी को भेजा? ये ईडी को सभी विपक्षी नेताओं के यहां पहुंचा देते हैं क्या इन्होंने प्रदेश के किसी भी अपने बड़े नेता के यहां ईडी पहुंचाई, उसकी जांच की गई। कांग्रेस महासचिव श्रीमती गांधी ने कहा आज बेरोजगारी चरम पर है जबकि विश्वविद्यालय में 75 प्रतिशत पद रिक्त हैं, स्वास्थ्य केंद्रो में डॉक्टर के 90 प्रतिशत से अधिक पद खाली हैं, ग्रामीण समुदाय स्वास्थ्य केंद्रो में 90 प्रतिशत से अधिक पदों पर नियुक्ति की जरूरत है, महिला रोग विशेषज्ञों में 90 प्रतिशत पद, बच्चों के डॉक्टर के 90 प्रतिशत से ज्यादा पद आज प्रदेश में खाली है। प्रियंका ने कहा कि जहां से रोजगार मिलता था, उन पीएसयू को उन्होंने बेच दिया। इन्होंने मनरेगा के रोजगार को भी खत्म कर दिया। छोटे व्यापारी जीएसटी भर-भरकर परेशान हैं।

इसके पहले इसके पहले श्रीमती गांधी ने गोंडवाना की महारानी दुर्गावती की जयंती पर याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने लोकनायक टंट्या मामा जी की जय, जय-भीम, जय-जोहार का नारा लगते हुए अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारी दादी हमें आदिवासियों की संस्कृति और उनकी कहानियों के बारे में हमें बताती थी, हमारे और आपके बीच में प्रेम और श्रद्धा का रिश्ता रहा है, जो कि एक तरफा नहीं है।

**कमलनाथ बोले- शिवराज को 18 साल....** कहा कि हमारा प्रदेश पांच राज्यों से घिरा है लेकिन फिर भी जिसको तमिलनाडु और केरल में अपना सामान बेचना है वह अपनी फैक्ट्री को पंजाब और हरियाणा में लगता है किसी भी निवेशक को आज मध्य प्रदेश पर विश्वास नहीं है। मेरा यही प्रयास था कि हमारी एक अलग पहचान बने हमारी पहचान एक विकसित राज्य की बने।



# कार्यालय कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/12अ/82/22-23/भू-अर्जन/23/7063

सागर दिनांक 29.08.2023
मौजा बम्हौरी पट. ह. नं. - 18 तह. देवरी

(देखिये धारा 19 एवं 21)

**अधिसूचना**

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 ( 1 ) के अंतर्गत प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन दिनांक से प्रावधानित समयसीमा 60 दिवस की अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है जिससे अधिनियम की धारा 15 ( 2 ) के अंतर्गत कोई रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं हुई है तथा समुचित सरकार का यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद ( 1 ) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची के पद ( 2 ) में उल्लिखित भूमि की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूची के पद ( 2 ) में वर्णित भूमि एवं स्थाई परिसंपत्तियां लोक प्रयोजन हेतु अपेक्षित है:-

(1) परियोजना का नाम -खतौला कॉम्प्लेक्स अंतर्गत शीर्ष कार्य एवं डूब क्षेत्र निर्माण हेतु

2. भूमि का विवरण

1. जिला-सागर, 2. तहसील- देवरी, **3-ग्राम- बम्हौरी** ,
4-पटवारी हल्का नं.-18 , 5. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल-55.650 है.

**अनुसूची -2**

| स. क्र. | कृषकों का नाम | भूमि का प्रकार | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | कुल रकबा | अर्जित भूमि का रकबा सिंचित | असिंचित | पड़ती | भूमि पर स्थित स्थावर परिसम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | देशराज वल्द मनोहरलाल गुप्ता साकिन देवरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 61 | 1.250 | 0.100 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 2 | लक्ष्मन वल्द पुनउ साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 63 | 1.190 | 1.190 | 0.000 | 0.000 | धवा-2, बबूल-1 छेवला-2,कोहा-2 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 66/2 | 0.680 | 0.260 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 120/4 | 0.820 | 0.820 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 56/2 | 0.200 | 0.040 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 56/4 | 0.880 | 0.050 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 3 | कमल पि. धरमदास साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 64/1 | 0.200 | 0.170 | 0.000 | 0.000 | सागोन-1,नीम - 1 |
| 4 | नथू पिता धरमदास साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 64/2 | 0.480 | 0.480 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 5 | कमल उर्फ कोमल पिता धरमदास साकिन देवरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 65/1 | 0.400 | 0.400 | 0.000 | 0.000 | सागौन-2,साज-1, सेमर-1, नीम-1,कच्चा कुंआ-1 |
| 6 | हीरालाल पिता नाथूराम यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 65/2 | 1.320 | 1.320 | 0.000 | 0.000 | सागौन -2, बहेरा-2 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 78/1 | 0.730 | 0.000 | 0.000 | 0.160 | 0 |
| 7 | राजू पिता नाथूराम यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 65/3 | 1.050 | 1.050 | 0.000 | 0.000 | सागौन-4, नीम -1, कोहा-10 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 64/3 | 0.280 | 0.250 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 78/2 | 0.730 | 0.000 | 0.000 | 0.160 | 0 |
| 8 | विश्वनाथ पिता कोमल यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 65/4 | 0.350 | 0.350 | 0.000 | 0.000 | सागौन-2, साज-1 बहेरा -1, नीम-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 67/1 | 0.430 | 0.430 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 78/3 | 0.830 | 0.050 | 0.000 | 0.300 | कोहा-2, साज-2 बहेरा -2, सागौन -10 |
| 9 | राजेंद्र पिता कोमल यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 65/5 | 0.550 | 0.550 | 0.000 | 0.000 | सागौन -4, बहेरा-1,साज-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 78/4 | 0.830 | 0.000 | 0.000 | 0.830 | सागौन-64, कोहा-4, नीम-3 साज-5, सेमर-2, महुआ-3, बहेरा - 3, धावन - 2, बबूल-3 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 67/2 | 0.430 | 0.430 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 10 | रामजी वल्द बन्दलाल यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 68/1 | 0.920 | 0.920 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 68/2 | 0.040 | 0.000 | 0.040 | 0.000 | छेवला-8 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 69/1 | 1.610 | 1.610 | 0.000 | 0.000 | सागौन-4, नीम -1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 69/2 | 1.100 | 1.100 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 71 | 0.280 | 0.280 | 0.000 | 0.000 | सागौन-2, पलाश-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 79 | 1.000 | 0.000 | 0.000 | 1.000 | सागौन-89 ,महुआ-4 बहेरा-2, नीम-2 |
| 11 | बालकिशन बल्द चोखेलाल साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 77/3 | 0.990 | 0.830 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 84/1 | 2.830 | 2.830 | 0.000 | 0.000 | पलाश- 2, नीम-2, चाचेर-2 धवा-2, कच्चा कुआं-1 |
| 12 | बद्रीप्रसाद पिता चोखेलाल साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 77/2 | 2.500 | 0.150 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 115 | 1.040 | 1.040 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 123/3 | 2.640 | 0.850 | 0.000 | 0.000 | सागौन-45, पलाश-2, नीम-2 चाचेर-1,धवा-1, कच्चाकुआं-1 |
| 13 | जमना पिता छुट्टी साकिन सागर भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 80 | 2.500 | 2.500 | 0.000 | 0.000 | सागौन-18, कोहा-4, सेजा-2 सेमर-1, गुरान-1,करै-1 पक्का कुआं-1 |
| 14 | रामप्रसाद वल्द पुनउ साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 66/1 | 1.460 | 0.890 | 0.000 | 0.000 | सागौन - 5,धवा-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 56/1 | 0.880 | 0.070 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 15 | प्रभू वल्द नन्हेभाई यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 81/1 | 0.510 | 0.510 | 0.000 | 0.000 | रूसल्ल-2, सेजा-2 पलाश-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 82/1 | 0.700 | 0.350 | 0.000 | 0.350 | सागौन-23, सेजा-2 |
| 16 | राकेश वल्द नन्हेभाई यादव निवासी बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 81/2 | 0.510 | 0.510 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 82/2 | 0.700 | 0.350 | 0.000 | 0.350 | 0 |
| 17 | नन्हेभाई वल्द छुट्टी यादव साकिन देवरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 81/3 | 1.010 | 0.000 | 0.000 | 1.010 | सागौन-3,रूसल्ला -4,साज-2 सेमर-2,कोहा-2, खुमी-1 रेजा-1, कुआं पक्का-1 |
| 18 | रमेश, मोहन, द्वारका, हल्लई पिता पूरन, प्रभु, धर्मेन्द्र, वल्द पूरन, दुर्गाबाई, हीराबाई पुत्री पूरन सुहागरानी, बेवा पूरन साकिन देह भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 84/2 | 0.400 | 0.000 | 0.000 | 0.400 | सागौन-8, सागौन ठूठ-1 |
| 19 | कड़ोरी वल्द अयोध्या साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 89 | 1.210 | 1.210 | 0.000 | 0.000 | सागौन-1,साज-1, कच्चा कुआ-1 |
| 20 | साहब पिता बन्नूलाल साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 90 | 1.280 | 1.280 | 0.000 | 0.000 | सागौन-3, पलाश-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 91 | 2.860 | 2.200 | 0.000 | 0.000 | पक्का कुआं-1 |
| 21 | लखन पिता रामचरण यादव साकिन सागर भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 94/1 | 0.700 | 0.700 | 0.000 | 0.000 | सागौन-1, पक्का कुआं-1 मकान कच्चा कबेलू एवं पत्री छत 79. 15 वर्गमीटर |
| 22 | रामचरण पिता गोरेलाल यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 94/2 | 0.390 | 0.390 | 0.000 | 0.000 | सागौन-3, नीम-1,पीपल-1 |
| 23 | सेवक पिता रामचपण यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 94/3 | 0.700 | 0.700 | 0.000 | 0.000 | सागौन -2, कुआं-1 |
| 24 | सदारानी बेवा रतिराम जाटव 1/8 भाग, रामसींग पिता रतिराम जाटव 1/8 भाग, भगवानदास पिता रतिराम जाटव 1/8 भाग, किशोरी पिता रतिराम जाटव 1/8 भाग, बाबू पिता रतिराम जाटव 1/8 भाग, कासीराम पिता रतिराम जाटव 1/8 भाग, मोतीलाल पिता रतिराम जाटव 1/8 भाग, जमनाबाई पुत्री रतिराम जाटव 1/8 भाग साकिन सिलारी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 97/1 | 1.010 | 0.800 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 98/2 | 0.410 | 0.410 | 0.000 | 0.000 | नीम-1 |
| 25 | लक्ष्मन पिता झामसींग जाटव 1/8 भाग, मानसींग पिता झामसींग जाटव 1/8 भाग, बेनीसींग पिता झामसींग जाटव 1/8 भाग, गौरीशंकर पिता झामसींग जाटव 1/8 भाग,रामकली पुत्री झामसींग 1/8 भाग, हेमवतीबाई पुत्री झामसींग 1/8 भाग, ममताबाई पुत्री झामसींग 1/8 भाग, तुलसाबाई पुत्री झामसींग 1/8 भाग, भूमिस्वामी साकिन सिलारी | कृषि | भूमिस्वामी | 97/2 | 1.020 | 1.000 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 26 | रानी जोजे बद्रीप्रसाद साकिन देह भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 98/1 | 0.300 | 0.300 | 0.000 | 0.000 | सागौन - 3 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 98/4 | 0.450 | 0.450 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 27 | मेहरबान वल्द कडोरी यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 98/3 | 0.360 | 0.360 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 98/5 | 0.450 | 0.450 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 28 | कडोरी वल्द अयोध्या प्रसाद, गायत्री पति कडोरी, मोहनलाल साकिन देह भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 99 | 0.200 | 0.200 | 0.000 | 0.000 | पक्का कुआं-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 100 | 2.510 | 2.510 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 29 | रमेश मोहन, द्वारका, हलकाई, रघु, धर्मेन्द्र, पिस,पूरनलाल, दुर्गाबाई, हीराबाई पुत्री पूरन, सुहागरानी पति पूरनलाल, धीरज, बद्रीप्रसाद, बालकिशन, पिस. चोखेलाल, प्रभाबाई, केशबाई पुत्री चौखेलाल ब्रजरानी, बेवा चोखेलाल साकिन देह भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 103/1 | 0.580 | 0.000 | 0.000 | 0.500 | सागौन-2, सेमर-1,छेवला-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 111 | 0.110 | 0.000 | 0.110 | 0.000 | खैर-1, पलाश-1, रुसल्ला 1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 105/1 | 0.990 | 0.990 | 0.000 | 0.00 | 0 |
| 30 | संतोष वल्द धीरजसिंह साकिन बम्होरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 105/2 | 0.080 | 0.080 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 106 | 0.790 | 0.790 | 0.000 | 0.000 | सागौन -2 |
| | | कृषि | भूमिस्वाम | 123/4 | 1.670 | 0.000 | 0.000 | 0.500 | सागौन-15, रूसल्ला- 2,नीम-2 |
| 31 | राममिलन पिता नन्हेभाई यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 107/1 | 1.200 | 1.100 | 0.100 | 0.000 | सागौन -2, पलाश-3 |
| 32 | भरत पिता नन्हेभई यादव साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 107/2 | 1.200 | 1.200 | 0.000 | 0.000 | सागौन -1, सेमर-1 |
| 33 | अमोलरानी पति नन्हें भाई साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 107/3 | 0.230 | 0.230 | 0.000 | 0.000 | सागौन-7, सेमर-1 रुसल्ला-1, कोहा-1 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 103/2 | 0.570 | 0.000 | 0.000 | 0.500 | सागौन -9 |
| 34 | नन्हेंभाई पिता छुट्टे, अमोलरानी पिता नन्हेंभाई साकिन देह भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 108/1 | 3.720 | 0.000 | 0.000 | 0.090 | सागौन-22, बांस-280 |
| 35 | ताहिर खान पिता मजीद बख्श पठान, मुसलमान साकिन जवाहर वार्ड देवरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 108/2 | 3.720 | 0.000 | 0.000 | 0.130 | सागौन-7, रुसल्ला-1 |
| 36 | रमेश पिता तेजबल यादव साकिन झुनकू वार्ड देवरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 112/1 | 0.400 | 0.400 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 37 | सीताराम गोर्वधन पिता तेजबल यादव साकिन झुनकू वार्ड देवरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 112/2 | 0.060 | 0.060 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 113 | 1.110 | 1.110 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 114 | 0.800 | 0.800 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 38 | गोविन्द वल्द बन्नूलाल 21/14, चंद्रकांत पिता माधव प्रसाद पाठक 8/41, राजेश्वरी पति चंद्रकांत पाठक 12/41 साकिन लक्ष्मीपुरा वार्ड सागर भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 116 | 4.100 | 0.000 | 0.450 | 0.330 | 0 |
| 39 | रामअवतार पिता गोविन्द्र साकिन देवरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 117 | 0.810 | 0.810 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 40 | शिवरानी पति गोविन्द साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 118 | 0.810 | 0.810 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| 41 | गोविंद पिता बन्नूलाल 27/445 भाग, साहब पिता बन्नूलाल 27/445 भाग, राजू पिता बन्नूलाल 27/445 भाग, रामजी पिता बन्नूलाल 27/445, सूरजबाई पुत्री बन्नूलाल 27/445, सदारानी बेवा बन्नूलाल 27/445 भाग, गनेश रामप्रसाद कोमल पिता पुनऊ जगदीश लक्ष्मन पिता पुनऊ, भूरीबाई सावित्रीबाई पुत्री पुनऊ, गोमती बेवा पुनऊ, कमला भूरी पुत्री चिठी 162/445 भाग, प्रभु पिता खुमान कलू उर्फ राजकुमार पिता खुमान, भागवती बेवा खुमान 121/445 भाग, साकिन सागर भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 119/1 | 4.450 | 1.400 | 0.000 | 0.000 | सागौन-32,पलाश-2, सेज-1, रुसल्ला-1, बांस-90, कुआं पक्का-1 कुआं कच्चा-1 |
| 42 | कोमल वल्द पुनउ साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 119/2 | 2.420 | 1.700 | 0.000 | 0.000 | अतूत-1 सागौन-10 |
| | | कृषि | भूमिस्वामी | 120/2 | 1.740 | 0.000 | 0.000 | 0.210 | सागौन-42, धवा-1,सेजा-1 |
| 43 | जगदीश वल्द पुनउ साकिन बम्हौरी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 56/3 | 0.800 | 0.040 | 0.000 | 0.00 | 0 |
| 44 | अवनीश कुमार वल्द महेशचन्द्र मिश्रा साकिन सदर बाजार सागर भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 122 | 7.350 | 0.000 | 0.000 | 0.650 | सागौन-31, सेजा-1 छेवला-1 |
| 45 | सूरज पि. इन्दर साग लोधी 1/2, सुनीज कुमार पि. टीकाराम लोधी 1/2 साकिन सेमराखेड़ी भूमिस्वामी | कृषि | भूमिस्वामी | 58/1 | 0.700 | 0.270 | 0.000 | 0.000 | 0 |
| | योग | | | 80 | 91.590 | 47.480 | 0.700 | 7.470 | |

3-परियोजनांतर्गत भूमि अर्जन के कारण विस्थापित कुटुंबों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु अधिनियम 2013 के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन की कार्यवाही प्रचलित है। अधिनियम 2013 प्रावधानों के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति अनुमोदित होने पर प्रभावित कुटुंबों को निम्नानुसार लाभान्वित किया जाना भी प्रस्तावित है।

(1) ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित किसी मकान से वंचित किये जाने की दशा में प्रधानमंत्री आवास योजना विनिर्देशों के अनुसार एक निर्मित मकान उपलब्ध कराया जाएगा जिसका कुर्सी क्षेत्र 50 वर्गमीटर से कम नहीं होगा।

(2) कंडिका-1 में वर्णित फायदों को ऐसे किसी प्रभावित कुटुबों को, जो वासक्षेत्र भूमि से रहित है और जो प्रभावित क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में रह रहा है और जिसे ऐसे क्षेत्र से अनिच्छा से विस्थापित किया गया है भी विस्तारित किया जाएगा।

(3) यदि कोई प्रभावित कुटुंब जो प्रस्थापित मकान को न लेने का विकल्प करता है, तो निर्मित मकान के बदले मकान के समतुल्य खर्च प्रस्थापित किया जा सकेगा।

(4) अर्जन से प्रभावित किसी कुटुंब को इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन एक से अधिक मकान नहीं दिया जाएगा।

(5) ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, जिसे अर्जित भूमि से विस्थापित किया गया है, को अधिनिर्णय की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक प्रतिमास तीन हजार रूपये के समतुल्य मासवार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

(6) ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब जो विस्थापित हुआ है, को कुटुंब, भवन सामग्री, घरेलू सामग्री और पशुओं के स्थानांतरण के लिए परिवहन खर्च के रूप में एक बार पच्चास हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

(7) पशु या छोटी दुकान रखने वाले प्रत्येक प्रभावित कुटुंब ऐसी रकम की वित्तीय सहायता, यथास्थिति, पशुबाड़े या छोटी दुकान के निर्माण के लिए एक बारगी ऐसी रकम की वित्तीय सहायता प्राप्त करेगा जो समुचित सरकार द्वारा न्यूनतम पच्चीस हजार रूपए की सीमा के अधीन रहते हुए अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए।

(8) किसी कारीगर छोटे व्यापारी या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित कुटुम्ब या ऐसे प्रभावित कुटुम्ब जिसके स्वामित्वाधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर कृषि भूमि या वाणिज्यिक औद्योगिक या संस्थागत ढांचा है और जिसे भूमि अर्जन के कारण प्रभावित क्षेत्र से अस्वेच्छिक रूप से विस्थापित किया गया है, ऐसी रकम की एक बारगी वित्तीय सहायता पाएगा जो समुचित सरकार द्वारा न्यूनतम पच्चीस हजार रूपए की सीमा के अधीन रहते हुए अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए।

(9) प्रभावित कुटुंबो को जलाशय में मछली पकड़ने के अधिकार की अनुज्ञा ऐसी रीति में दी जा सकेगी जो समुचित सरकार द्वारा विहित की जाए।

(10) प्रत्येक प्रभावित कुटुंब को केवल पचास हजार रूपये का एक बार पुनर्व्यवस्थापन भत्ता दिया जाएगा।

(11) प्रभावित कुटुंबो को आवंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अपेक्षक निकाय द्वारा किया जाएगा।

(12) प्रभावित कुटुंबों को आवंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमो से मुक्त होगी।

(13) आवंटित भूमि या मकान प्रभावित कुटुंब की पत्नि और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा।

(14) अधिनियम 2013 की दूसरी अनुसूची की कंडीका 4 के तहत जहाँ

(क) परियोजना के माध्यम से कार्य सृजित किया जाता है वहाँ आपेक्षित क्षेत्र में समुचित प्रशिक्षण देने और कौशल विकास करने के पश्चात प्रत्येक प्रभावित कुटुंब के कम से कम एक सदस्य के लिये उस दर पर जो तत्समय प्रवित्त उपबंधित किसी अन्य विधि में उपबंधित न्यूनतम मजदूरी से कम ना हो उस परियोजना में निवेजन का उपबंध किया जाना या ऐसी अन्य परियोजना में ऐसे कार्य की जिसकी अपेक्षा की जाये, व्यवस्था किया जाना या

(ख) प्रति प्रभावित कुटुंब 5 लाख रुपये का एक बार संदाय अथवा

(ग) वार्षिक पालिसियों जिनके द्वारा कृषक श्रामिको के लिये उपभोक्ता मुल्य सूचकांक के 20 वर्ष तक प्रति कुटुंब दो हजार रुपये प्रति माह का संदाय किया जावेगा

(15) प्रभावित परिवारों कुटुंबो को जो प्रभावित मकानों में स्थाई रूप से निवासरत है तथा जिनके अन्यत्र स्थानों पर निवास हेतु मकान नहीं है को विस्थापित क्षेत्र में पुनर्व्यवस्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित ग्राम खतोली में खसरा नंबर 95/1 में शासकीय आवासीय पट्टे 30x30 वर्गफुट के लाटरी के माध्यम से प्रदाय किये जावेंगे।

4-अधिनियम 2013 की तीसरी अनुसूची अनुसार प्रभावित कुटंबों/ जनसमुदाय के पुनर्व्यवस्थापन के लिए अध्यपेक्षा प्राधिकारी के खर्चे पर निम्नलिखित अवसंरचनात्मक राहूलियतें और मूलभूत न्यूनतम सुविधाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी कि नए गांव या कालोनी में पुनर्व्यवस्थापन जन समुदाय स्वयं के लिए एक युक्ति युक्त सामुदायिक जीवन स्तर प्राप्त कर सके और विस्थापन से हुए अभिघात को कम करने का प्रयास कर सकें। युक्तियुक्त वासयोग्य और नियोजित व्यवस्थापन के लिए न्यूनतम निम्नलिखित सहूलियते और संसाधन उपलब्ध कराई जावेगी।

(1) सभी पुनर्व्यवस्थापित कुटुंबों के लिए पुनर्व्यवस्थापित ग्रामों के भीतर सड़क और पक्की सड़क मार्ग से जुड़ी बारहमासी सड़क और सुखाधिकार की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

(2) वास्तविक पुनर्व्यवस्थापन के पहले उचित निकासी और स्वच्छता योजनाएं निष्पादित की जाएं।

(3) भारत सरकार द्वारा विहित मानकों के अनुसार प्रत्येक कुटुंब के लिए सुरक्षित पेयजल का एक या अधिक सुनिश्चित संसाधन ।

(4) पशु के लिए पेयजल की व्यवस्था।(5) राज्य की स्वीकार्य अनुपात के अनुसार चारागाह (6) उचित मूल्य की दुकान की युक्तियुक्त संख्या (7) यथेचित पंचायत घर

(8) बीज सह उर्वरक भण्डारण की समुचित सुविधा, यदि आवश्यक हो।(9) विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्व्यवस्थापन के लिए स्थापित सभी नए ग्रामों को उपयुक्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें नजदीकी विकास केन्द्र / शहरी रिहायशों से स्थानीय बस सेवाओं के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं अवश्य सम्मिलित होनी चाहिए।

(10) स्थल पर रहने वाले जाति समुदायों और उनकी प्रथाओं के आधार पर कब्रिस्तान या शवदाह गृह (11) स्वच्छता के लिए सुविधाएं जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत प्रसाधन बिन्दु

(12) प्रत्येक घर और सार्वजनिक प्रकाश के लिए व्यक्तिगत एकल विद्युत कनेक्शन (या सौर ऊर्जा जैसे ऊर्जा के गैर-परंपरागत संसाधनों के माध्यम से कनेक्शन (13) शिशु और माता को पूरक पोषणीय सेवाएं उपलब्ध कराने वाली आंगनबाड़ी (14) निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (2009 का 35) के उपबंधों के अनुसार विद्यालय

(15) दो किलोमीटर क्षेत्र के भीतर उप स्वास्थ्य केन्द्र (16) भारत सरकार द्वारा यथाविहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (17) बच्चो के लिए क्रीड़ा क्षेत्र (18) प्रत्येक सी कुटुंब के लिए एक सामुदायिक केन्द्र (19) प्रभावित क्षेत्र की संख्या और उनके आयाम से संगत प्रत्येक पचास कुटुबों के लिए पूजा स्थल और सामुदायिक सभा के लिए चौपाल / वृक्ष चौतरा
(20) व्यवस्थापन के लिए समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए यदि आवश्यक हो (21) मानको के अनुसार पशुपालन सेवा केन्द्र।

(22) उपरोक्तानुसार लाभ एवं सुविधायें प्रभावित व्यक्तियों को प्रभावित ग्राम/ मकानो मे अधिनियम 2013 की धारा 11 के प्रकाशन दिनांक के पूर्ववर्ती तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में निवास करने की स्थिति में ही देय होंगे तथा धारा 11 के प्रकाशन दिनांक के पूर्व तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में निवास को प्रमाणित किये जाने हेतु दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने का उत्तरदायित्व संबंधित प्रभावित कुटुंब (व्यक्तियों) का होगा।

(24) अधिनियम की धारा 3 ड के तहत प्रभावित कुटुंब (व्यक्ति) द्वारा 18 वर्ष की आयु धारा 11 की प्रारंभिक अधिसूचना दिनांक के पूर्व पूर्ण किये जाने का प्रमाण प्रस्तुत किये जाने पर ही उपरोक्तानुसार सुविधायें एवं लाभ प्रभावित व्यक्ति / कुटुंब को दिया जावेगा।

5-अधिनियम 2013 की धारा 21 के तहत हितबद्ध व्यक्तियों को यह भी सूचित किया जाता है कि सरकार का आशय भूमि का कब्जा लेने का है और ऐसी भूमि में सभी हितों के लिए प्रतिकरो और पुनर्वास तथा पुनर्व्यवस्थापन के दावे कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी देवरी जिला सागर में दिनांक 10/10/2023 को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या अभिकर्ता द्वारा या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर भूमि में अपने अपने हितों की प्रकृति तथा ऐसे हितों के लिए प्रतिकर के दावों की रकम और विशिष्टियां, धारा 20 के अधीन किए गए मापों के संबंध में आक्षेप यदि कोई हो, के साथ पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के दावे प्रस्तुत कर सकते है।

भूमि के नक्शे तथा प्लान का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी देवरी जिला सागर एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 सागर जिला सागर के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

**( नीतेश कुर्मी )**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**जल संसाधन विभाग**
**उपसंभाग देवरी जिला -सागर ( म.प्र. )**

**( अखिल बिरथरे )**
**कार्यपालन यंत्री**
**जल संसाधन क्रमांक-1**
**सागर जिला-सागर**

**( शैलेन्द्र सिंह )**
**अनुविभागीय अधिकारी**
**एवं भू-अर्जन अधिकारी**
**देवरी जिला -सागर**

**( दीपक आर्य )**
**कलेक्टर जिला सागर**
**एवं पदेन उपसचिव**
**मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

क्रि-20750/23

# पुलिस व प्रशासन की अधिकारियों के सामने चली गोली आधा दर्जन घायल



जतारा, देशबन्धु। थाना जतारा अंतर्गत आने वाले कदवा गांव में स्थित मंदिर के हनुमान मंदिर के पुजारी को लेकर विगत कुछ महीनो से दो पक्षों में विवाद चल रहा था। जिसको लेकर एक पक्ष हटाए जाने को लेकर कभी ज्ञापन दे रहा था तो वहीं दूसरा पक्ष अपने पुजारी को यथावत रखने की मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के पास पहुंच कर ज्ञापन सौंपा रहा था, जिसको लेकर ग्राम में कदवा में पंचायत आयोजित की गई थी जिसमें गांव के 80 प्रतिशत ग्रामीण मंदिर के पुजारी बाबूलाल तिवारी को ही पूजा करने के लिए पुजारी रखना चाहते थे। लेकिन गांव के रज्जन पटेरिया अपने सगे चाचा रघुवीर पटेरिया को पुजारी बनाया चाहते थे, लेकिन जिसको लेकर गांव के लोग तैयार नहीं थे और बाबूलाल तिवारी वर्तमान पुजारी के समर्थन में 80 प्रतिशत लोगों के साथ भाजपा के किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष किशन पटेरिया के बड़े भाई राजेंद्र पटेरिया और उनके परिजनों बाबूलाल को की पुजारी चाहते थे, जिसको लेकर ग्रामीण तैयार थे और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों की पंचायत चल रही थी। जिसमें जतारा तहसीलदार अजय झा और थाना जतारा पुलिस वल मौके पर मौजूद था। तभी दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें राजेंद्र पटेरिया पुत्र रामसेवक पटेरिया उम्र 65 साल अभिषेक पटेरिया पुत्र राजेंद्र पटेरिया विपुल पुत्र महेश पटेरिया, ओम प्रकाश पटेरिया पुत्र चेतराम अनुराग पटेरिया पुत्र राजेंद्र पटेरिया को गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें तत्काल मौजूद लोगों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए शानदार स्वास्थ्य केंद्र जतारा लाया गया जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घायल राजेंद्र पटेरिया पुत्र रामसेवक पटेरिया ने पुलिस को बताया कि आरोपी रज्जन पटेरिया पुत्र लखन, पुनुआ कुशवाहा, हरदास कुशवाहा, बंधन तिवारी, शोभा पटेरिया, गणेश पटेरिया आदि ने गोली चला कर घायल कर दिया है। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के सामने जान से मारने की नीयत से गोली चलाकर आधा दर्जन लोगों को घायल किया गया है यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात है साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं, उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी श्याम बिहारी पुजारी रहेंगे, जिसको लेकर बीते दो माह से वह पूजा अर्चना कर रहे थे। लेकिन गांव के रज्जन पटेरिया विरोध कर रहे थे कि वह अपने सगे चाचा रघुवीर पटेरिया को पुजारी बनाया चाहते थे, लेकिन मंदिर हनुमान मंदिर की पूजा श्याम बिहारी तिवारी कर रहे थे। तहसीलदार एवं पुलिस के सामने गोली चली, चलने की घटना के बाद पुलिस व प्रशासन की अधिकारी न केवल हरकत में आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर अवधेश शर्मा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी जतारा थाने आ गए। घटना की पूरी जानकारी एकत्र कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। घायल अनुराग, गोलू पटेरिया, पुनीत पटेरिया, ओमप्रकाश पटेरिया, बबलू पटेरिया, राजेन्द्र पटेरिया, बिपुल पटेरिया,शिवम पटेरिया, गोली चलाने वाले रज्जन पटेरिया, पुनूया कुशवाहा,बंदन तिवारी,शोभा पटेरिया,गनेण पटेरिया घायल हुए।

### इनका कहना है

*इस संबंध में जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि मंदिर के पुजारी को बाबूलाल को हटाने को लेकर गांव के रघुवीर पटेरिया अनशन पर बैठे हुए थे, जबकि ग्रामीण बाबूलाल तिवारी को पुजारी चाहते थे। जबकि रघुवीर पटेरिया जब पुजारी थे तो उसे समय हुआ है बिना पैसे लेकर मंदिर में सिंदूर तक नहीं चढ़ाते थे। जिसको हटाए लेकर तहसीलदार उम्मीदोरा अजय झा पुलिस बल के साथ मौके पर गए थे उनके सामने विवाद तो हुआ पर गोली नहीं चली गोली चलने की घटना कि हम जांच कर रहे हैं, आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस तलाश कर रही है।*

# ड्यूटी से नदारद मिले कर्मचारी, उपस्थिति का जायजा लेने नपा सीएमओ ने किया निरीक्षण



**टीकमगढ़।** नगर पालिका सीएमओ गीता मांझी ने गुरुवार को दफ्तर का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी विभागों में जाकर कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी ड्यूटी टाइम में नदारद मिले। सीएमओ ने सभी गैर हाजिर कर्मचारियों का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। दरअसल, अगर पालिका में स्थायी और संविदा कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में दैनिक वेतन भोगी काम पर लगे हैं। सफाई विभाग में सब मिलाकर कुल 232 कर्मचारी नियुक्त है। आज सुबह सीएमओ ने शहर भ्रमण कर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सभी स्थानों पर भ्रमण करने के बाद 232 में से केवल 50 कर्मचारी मैदान में काम करते मिले। शेष कर्मचारी नदारद दिखे। इसके बाद सुबह 10.30 बजे दफ्तर पहुंच कर सभी विभागों में पदस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान कार्यालय में पदस्थ 102 स्थायी कर्मचारियों में से 65 उपस्थित पाए गए। शेष कर्मचारी गैर हाजिर मिले। इसके अलावा कार्यालय में पदस्थ 51 कर्मचारियों में से केवल 17 ड्यूटी पर मिले। बड़ी संख्या में कर्मचारियों के ड्यूटी टाइम में अनुपस्थित पाए जाने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी कर एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही हिदायत देते हुए कहा है कि अगर दोबारा ड्यूटी टाइम में गैर हाजिर पाए गए तो निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध शराब जब्त, आरोपी पर मामला दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** पुलिस ने बीति रात को क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम दिगौड़ा में एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध शराब को जप्त कर आरोपी के खिलाफधारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया के क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के साथ कार्यवाही करते हुए ग्राम दिगौड़ा कस्बे में एक व्यक्ति अपने घर के पास कार्टून के डिब्बे में शराब बेचने के लिए बैठा था। पुलिस को देखते ही व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वीरन कुशवाहा उम्र 28 निवासी दिगौड़ा को पकड़ कर उसके कब्जे से देशी मदिरा प्लेन शराब के 27 क्वाटर जप्त किए गए। दिगौड़ा पुलिस ने आरोपी वीरन के खिलाफधारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक अमरप्रताप सिंह, आरक्षक अजीत सिंह, पंकज साहू व आशीष मिश्रा की अहम भूमिका रही।

## शौच करने गई किशोरी के साथ 2 लोगों ने की छेड़छाड़

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में 3 अक्टूबर को रात को किशोरी बालिका गांव में स्वच्छ करने के लिए जा रही थी तो गांव के ही दो लोगों ने किशोरी बालिका के साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ की गई। 4 अक्टूबर को पीड़िता व उनके परिजनों ने पुलिस थाने में आकर घटना की रिपोर्ट की गई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने जानकारी देते बताया है कि दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में 3 अक्टूबर की रात को 18 वर्षीय किशोरी बालिका शौच के लिए जा रही थी तो गांव के लोगों ने रास्ते में किशोरी बालिका को पकड़कर उसके साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ कर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के मामले में गांव के दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# लवकुश जयंती पर कुशवाहा समाज की शोभायात्रा, झांकियों पर लोगों ने की पुष्प वर्षा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में लव कुश जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार शाम 5 बजे शोभा यात्रा निकाली गई। अखिल भारतीय कुशवाहा समाज की ओर से नजर बाग परिसर से यात्रा शुरू की गई। नगर भ्रमण के बाद महेंद्र सागर तालाब स्थित मंदिर परिसर में यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर समाज के लोगों को लव कुश जयंती की बधाई दी।

आयोजन समिति के रामलाल कुशवाहा ने बताया कि लव कुश जयंती को लेकर आज जिले भर के समाज के लोग एकत्रित हुए। नजरबाग परिसर से गाजे बाजे के साथ यात्रा प्रारंभ की गई। इसके बाद शोभायात्रा सेल सागर चौराहा, सिंधी धर्मशाला, लुकमान चौराहा, जवाहर चौक, कटरा बाजार, पुरानी तहसील रोड, स्टेट बैंक चौराहा, पपौरा चौराहा, ताल दरवाजा होते हुए महेंद्र सागर तालाब स्थित मंदिर पर पहुंची। इस दौरान रास्ते में भाजपा कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने झांकियों पर फूल बरसाए। भगवान लव कुश की आरती उतार कर पूजा अर्चना की। मिश्रा तिराहे पर विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर लव कुश जयंती की बधाई दी। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में भजन कीर्तन की आयोजन हुए। इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुट होकर बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन किया।

## उधारी के रुपए मांगने पर दो महिलाओं के बीच में हुई मारपीट

**दिगौड़ा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धामना में आज दोपहर करीब 2 बजे 4 साल पहले दिए गए उधारी के रुपए मांगने पर दो महिलाओं के बीच में विवाद हो गया। इस विवाद में दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे की मारपीट की गई। पुलिस ने मेडिकल कराकर पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रतीबाई पत्नी कम्मोद अहिरवार उम्र 45 साल निवासी धामना का आज दोपहर दिन में करीब 2रू00 बजे उधारी के रुपयों को लेकर पार्वती पत्नी लाल सिंह अहिरवार निवासी अचर्रा से विवाद हो गया। इस विवाद में पीड़िता के साथ पार्वती व उसके पति लाल सिंह ने पीड़िता की लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में वह घायल हो गई। दूसरे पक्ष की महिला पार्वती अहिरवार के द्वारा भी उसके साथ मारपीट करने की रिपोर्ट पुलिस थाने में की गई है। पुलिस में मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 9 अक्टूबर तक मंडल स्तर पर होगा मतदाता सम्मेलन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से नव मतदाता सम्मेलन के तहत विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में बैठक रखी। इस मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभय यादव ने कहा कि युवा नव मतदाता की भागीदारी ही देश व समाज को विकास उन्मुख बनाती है।

बैठक में नव मतदाता सम्मेलन को लेकर जानकारी साझा की गई। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले में युवा मोर्चा की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नव मतदाताओं को भारतीय जनता युवा मोर्चा से जोड़ा गया है। जिले के सभी मंडलों पर 4 से 9 अक्टूबर के दौरान ग्राम पंचायतों में विशेष संपर्क अभियान व मंडल स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान में जोड़े गए नव मतदाता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस दौरान भाजपा सरकार की जन हितैषी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिले के सभी मंडल स्तर पर प्रभारी, सह प्रभारी नियुक्त किए जा रहे है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना ने युवा कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा पार्टी में वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन व युवाओं की मेहनत के बलबूते से जमीनी स्तर पर लोगों को योजनाओं का लाभ मिलता है।

नव मतदाता इस कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो प्रदेश का भविष्य स्वर्णिम बनाएगा। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री मुनेंद्र सेंगर व उत्कर्ष श्रीधर, जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री जितेंद्र यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित तिवारी, मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र लोधी, रामनरेश यादव, कपिल नामदेव, कृष्णकांत तिवारी, अमर यादव, आकाश यादव, मंडल महामंत्री आशीष राय, अर्जुन यादव सहित भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश की श्रृंखला में कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**टीकमगढ़।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज मेरी माटी मेरा देश की श्रृंखला में कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर इंद्रजीत जैन के द्वारा की गई। कार्यक्रम में सभी महाविद्यालय स्टाफ,सभी स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं के द्वारा अपने ग्राम, क्षेत्र अथवा आवासीय परिसर के प्रत्येक घर से एक मुट्ठी मिट्टी तथा बाजार की दुकानों से चावल लेकर महाविद्यालय में रखे हुए कलश में डाले गए। तत्पश्चात महाविद्यालय से एक कलश यात्रा की रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाएं उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में डॉ.खरे, डॉ.के .सी. जैन, डॉ. बी.के. नायक, डॉ. वीएस शाक्य, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ अभिमन्यु प्रसाद, पुरुष कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश अहिरवार तथा महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेमलता शाक्यवार उपस्थित रहे! इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई से दिशा सिंह परिहार ,चांदनी, अंजू ,अनुष्का ,शिवानी, भावना, वंदना, सेजल, महिमा, योगेश रैकवार, आशु भास्कर, अंतरिक्ष जैन, ओम तिवारी सहित अनेक स्वयं सेवक तथा स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

## 450 रूपये में गैस सिलेण्डर रिफिल के लिए अनुदान राशि का करेंगे अंतरण

टीकमगढ़। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कर कमलों से रूपये 450 में गैस सिलेण्डर रिफिल हेतु अनुदान राशि का अंतरण सिंगल क्लिक के माध्यम से 6 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर मोपाल किया जायेगा। लाडली बहनों को 450 रूपये गैस रिफिल हेतु राज्य अनुदान राशि के अंतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का बेव कॉस्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जायेगा। जिले में इस कार्यक्रम से लाभार्थी महिलाओं को जोड़ने हेतु प्रत्येक गैस एजेंसी पर एवं जिला मुख्यालय में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उत्सव भवन में प्रातः 10 बजे से आयोजन किया जायेगा।

### जनआक्रोश यात्रा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से कांग्रेस में उत्साह

# राघौगढ़-बीनागंज में भारी जनसमूह के बीच लक्ष्मण सिंह-जयवर्धन सिंह की ललकार



**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के दौरान मिल रहे जन समर्थन को देखकर पार्टी के नेता उत्साहित नजर आ रहे हैं। उनके बयानों में आत्मविश्वास से लबरेज होने की झलक स्पष्ट दिख रही है। कुछ ऐसा ही नजारा राघौगढ़ मुख्यालय पर भी दिखा, जहां जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे चांचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह ने अपने चिर-परिचित अंदाज में सबको गुदगुदाया। उन्होंने संघर्ष की कहानी भी इस अंदाज में सुनाई कि लोग लोट-पोट हो गए।

दरअसल, बुधवार को गुना के हाट रोड पर सभा करने के बाद जन आक्रोश यात्रा देर रात राघौगढ़ पहुंची थी। यहां आयोजित हुई सभा को संबोधित कर रहे लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्हें विधायक और अन्य पदों तक पहुंचने के लिए 35 वर्ष लम्बा संघर्ष करना पड़ा। लक्ष्मण सिंह ने जयवर्धन सिंह से कहा कि कांग्रेस मजबूत हो चुकी है। अब जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में युवाओं को इलाके में आगे बढ़ना है और भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है।

लक्ष्मण सिंह ने ग्वालियर-चम्बल संभाग में कांग्रेस की आंधी होने का दावा करते हुए कहा कि इस बार क्षेत्र में भाजपा महज 4 से 5 सीटों पर सिमट जाएगी। इससे पहले जयवर्धन सिंह ने रैली को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर कर्जमाफी रोकने और लोगों को कुटीर आवंटित करने के लिए दलालों को सक्रिय करने का आरोप लगाया। इसके बाद जन आक्रोश रैली चांचौड़ा पहुंची, जहां जयवर्धन सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत का संकल्प दिलाया।

किसानों में खेती की घटती **आमदनी से पनप रहा आक्रोश** - बीनागंज में हुई सभा को संबोधित कर रहे डॉ. गोविंद सिंह हमेशा की तरह भाजपा पर हमलावर नजर आए। प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी को जन आक्रोश की बड़ी वजह बताते हुए डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि शिवराज सरकार कुछ हजार पदों पर भर्ती निकालती है, उनपर लाखों आवेदन आते हैं और कुछ लोगों को ही नौकरी मिल पाती है। इस प्रक्रिया के दौरान भाजपा सरकार युवा बेरोजगारों से आवेदन भरवाने के नाम पर करोड़ों रुपए जमा कर लेती है। इन पैसों से भाजपा के नेता रंगरलियां मनाने विदेशों में जा रहे हैं। इसी तरह किसानों में भी खेती की बढ़ती लागत और घटती आमदनी की वजह से आक्रोश पनप रहा है। शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से झूठ बोला था कि वह आमदनी बढ़ाएंगे। जबकि ऐसा नहीं हुआ। मक्का सहित तमाम फसलों की लागत बढ़ गई और किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए किसान और युवाओं सहित तमाम वर्ग अब कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुके हैं।

# अब 450 रुपए में गैस सिलेंडर लेने नपा और आंगनबाड़ियों में उमड़ी भीड़



### ◆ परेशान हो रही हितग्राही महिलाएं

**गुना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जब से लाडली बहनाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है। तब से ही एक बार फिर से आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर नगर पालिका और गैस एजेंसी पर महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी है।

गुरुवार को शहर के हाट रोड और सदर बाजार सहित अन्य जगहों पर स्थित गैस एजेंसी सहित नगर पालिका और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। इसमें कई महिलाएं उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन लेने तो कुछ एलपीजी आईडी लेने सहित गैस पासबुक में नाम करेक्शन करने पहुंची थी। ऐसे में जिन घरों में पुरुषों के नाम पर गैस कनेक्शन है, वह महिलाएं भी अपने नाम पर उसे गैस कनेक्शन को ट्रांसफर करने के विषय में जानकारी लेती नजर आई। इधर नगर पालिका और आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाडली बहनाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाने के फॉर्म भराए जा रहे हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए भी बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच रही है, हालांकि महिलाओं के डॉक्यूमेंट कम्प्लीट नहीं होने के चलते उनको कॉफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन महिलाओं ने जिस केंद्र पर लाडली बहना योजना के फॉर्म भरे थे उसी केंद्र पर 450रुपए में गैस सिलेंडर देने के फॉर्म भरे जाएंगें।

खनिज मंत्री ने किया कई कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

# विकास के लिए किया है हरसंभव प्रयास: सिंह

**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास की बदौलत आम जनता को कई जनहितैषी विकास कार्यों की सौगात मिली है। विभिन्न वृहद स्तर के निर्माण कार्यों सहित कई परियोजनाओं और सड़कों का कार्य निर्माणाधीन है। विगत दिवसों में खनिज प्रतिष्ठान के मद से 150 करोड़ रूपए से अधिक की राशि कई विकास कार्यों के लिए स्वीकृत करवाई गई है। श्री सिंह ने आज पहाड़ीखेरा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। उपस्थित जनों से संवाद कर बुजुर्ग व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। उन्होंने कहा कि पहाड़ीखेरा में सामुदायिक भवन बनने से विवाह एवं धार्मिक कायक्रमों के आयोजन के लिए लोगों को सुविधा मिल सकेगी। पूर्व में भी यहां कई विकास कार्यों की सौगात दी गई है, जिसके तहत 38 किलोमीटर लम्बाई की पन्ना-पहाड़ीखेरा सड़क, प्राथ.स्वास्थ्य केन्द्र, विद्युत सब स्टेशन इत्यादि का कार्य शामिल है। आगामी दिनों में 83 करोड़ रूपए की लागत से पहाड़ीखेरा-मझगवां सडक बनने से चित्रकूट आवागमन आसान होगा। श्रद्धालु पन्ना में भगवान जुगल किशोर के दर्शन कर धार्मिक नगरी चित्रकूट तक आसानी से पहुंच सकेंगे। किसानों को सिंचाई सुविधा




के लिए 18 करोड़ रूपए की लागत से बरखेड़ा बांध और 9 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित होने वाले जमुनहा सेहा बांध भी स्वीकृत करवाया है। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। पहाड़ीखेरा क्षेत्र में पानी की समस्या दूर करने के लिए मझगांय बांध से पानी लिफ्ट करके लाएंगे। बिजली समस्या के निराकरण के लिए भी सार्थक प्रयास किए हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण की कई योजनाएं संचालित की गई हैं। लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनी है। उन्होंने अजयगढ़ सहित धरमपुर, तारा, मड़ला और पहाड़ीखेरा क्षेत्र की विकास उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। आगामी दिनों में पन्ना में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की बात भी कही। उन्होंने कहा कि चहुंमुखी विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग की कार्ययोजना बनाई गई है। जनप्रतिनिधि की भूमिका में निरंतर जनता से संवाद कर समस्या का निराकरण किया जाएगा।

**बृहस्पति कुण्ड में सड़क निर्माण का भूमिपूजन:** खनिज मंत्री ने बृहस्पति कुण्ड में पनारी तक सड़क निर्माण के कार्य का भी भूमिपूजन किया। इस दौरान निर्बाध रूप से सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से पनारी की दूरी कम होगी और आवागमन आसान होगा। मंत्री ने बिलखुरा के ठाकुरनपुरवा में सामुदायिक भवन और दमचुआ में दमचुआ-बृजपुर मार्ग का लोकार्पण एवं नई बस्ती तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया।

**खनिज मंत्री पन्ना नेशनल पार्क के रमपुरा गेट का करेंगे शुभारंभ:** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह आज सुबह 7.30 बजे पन्ना नेशनल पार्क के रमपुरा गेट का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत 8.30 बजे ग्राम शंकरपुरा में तारा-सकतपुरा सड़क निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर ग्राम गुछारा जाएंगे। यहां सामुदायिक भवन एवं भैरहा से श्रीशोभन सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन, 1.45 बजे ग्राम बहिरवारा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, 2.30 बजे ग्राम बालूपुर में मुख्य मार्ग से बालूपुर सड़क निर्माण तथा मुख्य सड़क से पंझिरिया माता मंदिर सड़क निर्माण का भूमिपूजन, 3.30 बजे ग्राम भखुरी में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, 4.15 बजे ग्राम तुलापुर तिगड्डा में करतल मुख्य मार्ग से आरखनपुरवा सड़क निर्माण का भूमिपूजन तथा ग्राम जैतुपुर में पैरहा-सिलोना सड़क निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।

# टावर के पैसे के विवाद को लेकर पुत्र ने की पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत ग्राम परस्वारा में एक व्यक्ति द्वारा टावर के पैसे के विवाद को लेकर अपने पिता के साथ लाठी डंडो से मारपीट की गई। जिसमे पिता बुरी तरह से घायल हो गया तथा इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार परसवारा ग्राम निवासी रामपत गडारी को मृत्य 70 वर्ष को उसके पुत्र उत्तम पाल ने पैसो के विवाद को लेकर बुरी तरह मारपीट की थी। बताया जाता है कि रामपत गडारी के खेत मे मोबाईल का टावर लगा हुआ है। जिसका उसे किराया मिलता था, उसी किराये के पैसो को लेकर उसका पुत्र उत्तम पाल विवाद करता था तथा घटना 4 अक्टूबर को दोनो के बीच विवाद हुआ। जिसमें कलयुगी पुत्र उत्तमपाल ने पिता को लाठी डंडो से बुरी तरह पीटा तथा मरणासन अवस्था में छोडकर वह भाग गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा परिवारजनों को दी गई। उसे स्वास्थ केन्द्र शाहनगर ले जाया गया तथा कटनी में इलाज के दौरान घायल रामपत गडारी की मौत हो गई। घटना के संबंध में पुलिस ने पहले आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था तथा बाद मे धारा 302 हत्या का मामला कायम करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त मामले मे संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी घनश्याम मिश्रा के नेत्रत्व में की गई।

## रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय में कलेक्टर ने छायाचित्र प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**दमोह देशबन्धु।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार तथा संग्रहालय विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय दमोह में कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने माँ सरस्वती का पूजन, दीप प्रज्जवलन और छायाचित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ में विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं अध्यापक, शिक्षक, नगर के प्रबुद्धजन और सम्मानीय मीडियाजन उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी शैव परंपरा से दर्शन एवं शिव के विभिन्न स्वरूपों एवं विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन जो भारत एवं भारत के बाहर शिव प्रतिमाओं का अंकन है उन सभी छायाचित्रों का संग्रहालय के माध्यम आमजन के लिए 5 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक प्रातरू 10 से शाम 05 बजे तक निरूशुल्क अवलोकनॉर्थ खुला रहेगा।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल आज आएंगे दमोह

**दमोह देशबन्धु।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलादसिंह पटेल 5 अक्टूबर 23 को जबलपुर एयरपोर्ट से चलकर रात्रि 7.30 बजे दमोह आयेंगे। रात्रि 08 बजे अपने निवास से जरारूधाम के लिये रवाना होंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री पटेल 06 अक्टूबर को प्रात: 9:30 बजे जिले की तहसील बटियागढ़ के जरारूधाम मगरोंन से चलकर प्रात: 10 बजे बकायन पहुंचकर मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग से स्वीकृत हनुमान मंदिर बकायन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन एवं बकायन गुरु पूर्णिमा संगीत महोत्सव स्थल पर सांसद निधि से स्वीकृत पेवर ब्लॉक कार्य का लोकापर्ण करेंगे। प्रात: 10:45 बजे बकायन से चलकर प्रातरू 11:15 बजे दमोह जिले के ग्राम बम्होरी लड़ई में आयोजित बीज प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन एवं कृषि संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होंगे, तदोपरांत प्रात: 11:30 बजे बम्होरी लड़ई से चलकर दोपहर 12 बजे ग्राम बिलानी में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग से स्वीकार निर्माण कार्य एवं आश्रय स्थल के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल दोपहर 12:15 बजे ग्राम बिलानी से चलकर दोपहर 1 बजे मानस भवन दमोह में आयोजित विकास उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे, तत्पश्चात 1:30 बजे मानस भवन से चलकर 1:35 बजे अपने निवास पहुंचेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री पटेल अपराह्न 3 बजे बेलाताल पहुंचकर बेलाताल सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण करेंगे तदोपरांत अपरान्ह 4 बजे बेलाताल से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## उड़न दस्ता दल को पॉलिटेक्निक कॉलेज में दिया गया प्रशिक्षण

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह में चारों विधानसभा के लिए तैनात उड़नदस्ता दल के सदस्यों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने सभी सदस्यों को सतर्कता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम एवं उड़न दस्ता टीम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर पीयूष भट्ट प्रशिक्षण में मौजूद रहे। प्रशिक्षण जिला स्तरीय प्रशिक्षण दल एस एन हसन मोहन राय, मुकेश गुजरे व दिलीप जोशी द्वारा प्रदान किया गया।



# योग हर समस्या का समाधान: परमार्थ देव




**दमोह देशबन्धु।** योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज के परम शिष्य पूज्य स्वामी डॉक्टर परमार्थ देव जी महाराज, मुख्य केंद्रीय प्रभारी, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार का आगमन दमोह जिले में हुआ, जिसमें उन्होंने तहसील ग्राउंड दमोह पर एक दिवसीय नि:शुल्क इंट्रीगेटेड, संगीतमय योग शिविर के माध्यम से दमोह जिले की जनता को प्रात: 5.30 से 8 बजे तक योग, प्राणायाम, आसन, एक्यूप्रेशर, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग आध्यात्मिकता अपनाकर अपना जीवन निरोगी बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया। योग शिविर का शुभारंभ पूज्य स्वामी डॉक्टर परमादेव के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प माला पहनकर दीप प्रज्जवलित किया गया सभी पतंजलि योगपीठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे.। पूज्य स्वामी डॉक्टर परमार्थ देव का स्वागत दमोह के विधायक अजय टंडन, डॉक्टर रामकृष्ण कुसमारिया, डॉक्टर वीना यदु, पारुल टंडन, एडवोकेट चंद्र मोहन गुरु, इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, पंडित सतीश तिवारी, अभय सचदेव, ज्योति सचदेव, पर्वत सिंह यादव, योगी लोकेश सिंह राजपूत, अनीता राजपूत के द्वारा पुष्प गुच्छ लेकर स्वामी जी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पंडित कृष्ण कुमार परोहा, पी.सी. शर्मा, डॉक्टर रसीद खान, श्रीमती सरस्वती धुर्वे, पथरिया योग टीम एवं दीपक सिंह राजपूत के द्वारा किया गया।

## पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने ग्रामों में किया जनसम्पर्क



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** जबेरा विधानसभा के पूर्व विधायक का लगातार सघन जनसंपर्क ग्राम मेहगुआ, सलैया, रोसरा, सर्वाकुही, नंदपुरा, तेंदूखेड़ा नगर में जनसम्पर्क किया। सभी की समस्याओं को सुन अधिकारी को अवगत कराया। ग्राम सलैया 63 एचपी 2 माह से खराब है एवं रोसरा में 25 एचपी का ट्रांसफार्मर खराब है, ग्राम नंदपुरा में 25 एचपी के दो ट्रांसफार्मर खराब है पूर्व विधायक ने तत्काल ही अधिकारियों को सूचित किया ग्रामो में बिजली की केविल की हालत भी खराब है साथ ही पूर्व विधायक ने कहां की कांग्रेस की सरकार बनते ही कमलनाथ ने जो 11 वचन दिए हैं उनको तत्काल रूप से लागू किया जाएगा। दौरा कार्यक्रम में, संतोष पाल जनपद सदस्य, लाल सिंह हल्ले पहलवान, रामकुमार साहू, शोभा सिंह, नारायण यादव, नीलेश यादव, जमना प्रसाद यादव, दिलीप यादव, राजकुमार सिंह, दीपक दुबे, संदीप जैन, दिलीप खटीक, पीताम्बर साहू, तिलक अहिरवार, प्रमोद बेन, विनोद अहिरवार, भरत साहू गुड्डा, सिंह, आशीष साहू, अंकित साहू, आदि समस्त कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# धूमधाम से मनाई 150वीं वर्णी जयंती



**दमोह देशबन्धु।** श्री 1008 देव शान्तिनाथ मंदिर सिविल वार्ड मे बड़े ही शुभ भावों और उत्साह से परम पूज्य क्षुल्लक रत्न 105 गणेश प्रसाद वर्णी की 150 वी जयंती प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी मनाई गयी, उक्त कार्यक्रम मे प्रमुख वक्ता के रूप मे वैशाली बिहार प्रान्त के विद्वान ऋषभ फौजदार जैन और अन्य वक्ताओ मे शिक्षाचार्य संस्कृत के एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के विभाग प्रमुख आशीष जैन शास्त्री, समाज सेवी अरविन्द इटोरिया, जैन पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पदम जुज़ार वाले, डॉ चेतन जैन, मंदिर समिति के संरक्षक संतोष भारती, शोभा इटोरिया आदि ने परम पूज्य 105 गणेश प्रसाद वर्णी के सम्बन्ध मे अपने उद्बोधन रख के उनके प्रति अपनी 'आदरंजलि' व्यक्त की, सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन समिति के उपाध्यक्ष विकल्प जैन एडवोकेट ने किया एवं आभार समिति अध्यक्ष पवन जैन चश्मे वालो और मति दिशा जैन ने किया, कार्यक्रम मे पाठशाला के संचालक विशाल मासाब एवं अन्य शिक्षिकाओं का एवं परम पूज्य मुनि पुंगव 108 सुधासागर के सानिध्य मे आगरा मे एवं परम पूज्य 108 प्रमाण सागर मुनि महाराज के सानिध्य मे शास्वत तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर मे पर्युषण पर्व मे लगने वाले श्रावक संस्कार शिविर मे भाग लेने वाले शिविरार्थियों का समिति द्वारा सम्मान किया गया, कार्यक्रम के अंत मे पर्युषण पर्व के दौरान मंदिर मे हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पुरस्कार वितरण भी अतिथियों द्वारा वितरित किये गए, कार्यक्रम मे मंदिर समिति के दिनेश जैन, अजय जैन सतीश मोदी, गोल्डी जैन, संचित सेठ, संदीप सिमरी, बल्लू गांगरा, एवं बहुत से महिला पुरुषों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान कर सफल बनाया।


M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

NOTICE INVITING TENDER NIT No. 3718 MPHIDB Dated 04.10.2023

Online percentage rate bids for the following work is invited from registered contractors fulfilling registration criteria :-

| System Tender No. | Name of work | Probable Amount | Completion Period (Months) | Purchase Start Date, End Date & Bid Submission | Date of Opening of Tenders |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023_ MPHID_ 314555 (1st Call) | Upgradation of 06 bedded PHC to 30 bedded Community Health Centre Building with 2F, 2G, 2H Type Quarters at Naryawali Block Rahatgarh Distt. Sagar (M.P.) | Rs. 866.62 Lakh Cost of Form Rs. 23600.00 Including GST EMD Rs. 866700.00 (Rs. Eight Lakh Sixty Six Thousand Seven Hundred only) | 18 Months I/C Rainy Season | 06.10.2023 11:00 Hrs. To 06.11.2023 17: 30 Hrs. | Envelope-A 08.11.2023 11:00 Hrs Envelope-B 08.11.2023 15:00 Hrs Envelope-C After Evaluation of Envelope-B |

**Note :-** (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **www.mphousing.in** and **https://mptenders.gov.in.** (2) The bid document(s) can be purchased online only as per schedule :- S.No.(i) Purchase of Tender Online as per schedule 06.10.2023 at 11:00 Hrs. to 06.11.2023 at 17:30 Hrs. (3) Amendments to NIT, if any would be published on website only, and not in newspapers. (4) Original Afidivate should be submitted on online. (5) Other required document & EMD will be accept ONLINE Only.

**Visit us : www.mphousing.in**
**E-mail : eednhbsgr@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/112442/2023

/mphidb
/mphidb

**(G.S. Dubey)**
**E.E., Division-Sagar**
**Mob. : 9893345022**


# अच्छे कार्य का प्रचार ज्यादा करना पड़ता हैं, बुराई का नहीं : पं. कमलेश्वर आनंद



**दमोह देशबन्धु।** बेलाताल टापू साईं मंदिर में चल रही संगीतमय भागवत कथा में भगवतचार्य ने धुंधकारी, सुखदेव के जन्म की कथा को सुनाया, इस कथा में नारियल से बने मंच साज सज्जा के साथ ही व्रन्दावन से आये कलाकारों की प्रस्तुति देख सभी श्रोता आनंदित हो रहे है। गुरुवार को कथा के दूसरे दिन पं कमलेश्वर आनंद महाराज ने अपने प्रवचनों में कहां कि हम सभी गंदी भक्ति करते हैं यहाँ गंदी भक्ति से आशय यह है कि हम परमात्मा की भक्ति किसी न किसी कामना को लेकर जैसे अपने बच्चे की नोकरी, विवाह, आदि इच्छाओं को रखकर पूजा करते है। उसे इस प्रकार की गंदी भक्ति कहा गया है। जबकि मनुष्य को निस्वार्थ भाव कर्म करते रहना चाहिए, फल परमात्मा अपने आप देगे। आज के कलयुग में अच्छे कार्य सनातन संस्कृति, परमात्मा की महिमा कृपा का भजन के लिये प्रचार प्रसार ज्यादा करना पड़ता है जबकि बुराई का प्रचार प्रसार ज्यादा नही करना पड़ता। संत को परमात्मा बाहर की वस्तु में नहीं है परमात्मा तो केवल अंदर अनुभव का विषय है उन्होंने शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्ना रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फएक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। सुखदेव जी भागते भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्व से बाहर आए इस तरह श्री सुखदेव जी का जन्म हुआ।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ



**दमोह देशबन्धु।** असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल द्वारा अक्टूबर माह का सुंदरकांड पाठ का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसकी आयोजक मधु गनेश प्रसाद असाटी थी। जिन्होंने पितृपक्ष के चलते अपने ससुर साहब बद्री प्रसाद असाटी की तिथि पर सुंदरकांड पाठ रखा। कार्यक्रम में समाज के समस्त बहनें उपस्थित रही। सभी ने पूजा अर्चना कर सामूहिक सुंदरकांड भजन कर आरती कि एवं अंत में स्वल्पाहार कर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। वहीं मधु गनेश असाटी ने अपने ससुर साहब की तिथि पर असाटी महिला मंडल को 201 की राशि सहयोग स्वरूप प्रदान की।


# कार्यालय नगर परिषद
# बल्देवगढ़ जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक/2696/न.परि./निर्माण/2023 बल्देवगढ़ दिनांक 29.09.2023

## ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptendrrs.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_313099_1 29.09.2023 | कायाकल्प योजना 2.0 फेस-3 अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 21230160/- 6 माह | 15000/- 106150/- | 9.10.2023 |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बल्देवगढ़**
**जिला-टीकमगढ़ ( म.प्र. )**

# लाड़ली बहना योजना : महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा

# अब छोटी-मोटी जरूरत के लिए किसी पर नहीं निर्भर



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 10 जून को जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से प्रदेश की सबा करोड़ महिलाओं के खाते में एक-एक हजार रुपए की राशि अंतरित की थी। बैंक खाता में राशि पहुंचने पर महिलाओं ने प्रसन्नता जताई है। मुख्यमंत्री द्वारा रक्षाबंधन से यह राशि बढ़ाकर साढ़े 1250 रुपए देने और आगे इस राशि को 3000 रुपए तक करने की घोषणा से लाड़ली बहनें बेहद खुश हैं। उनका मानना है कि इससे वे आर्थिक रूप से सशक्त होंगी।

सागर के खुरई नगर के रानी दुर्गावती वार्ड निवासी श्रीमती उपासना सिह के खाते में राशि पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और नगरीय विकास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह को धन्यवाद देती हैं। इस बात से वे और भी अधिक प्रसन्न है कि मुख्यमंत्री ने आगे लाड़ली बहनों के लिए रु. 3000 देने की घोषणा की है। सागर के विट्ठल नगर निवासी श्रीमती सोनम जाटव कहती हैं कि अब उन्हें छोटी-मोटी जरूरतों के लिए पति से पैसा नहीं मांगना पड़ेगा। वे मुख्यमंत्री को धन्यवाद देती हैं कि उन्होंने सभी महिलाओं के लिए इतनी अच्छी योजना प्रारंभ की है।

सागर की ही भगवान गंज निवासी श्रीमती रचना अहिरवार मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देती हुई कहती हैं अब अपने घर की छोटी-मोटी जरूरत के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहेंगी।

## टीकमगढ़ जिले की 2 लाख से अधिक बहनें हो रहीं लाभान्वित



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की जरूरतमंद महिलाओं के लिये एक बड़ी सौगात बनी है। यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर भी साबित हो रही है। टीकमगढ़ जिले की 2,11,595 लाड़ली बहनों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है।

## महिलाओं के हित में अब तक की सबसे बड़ी योजना

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की जरूरतमंद महिलाओं के लिये एक बड़ी सौगात बनी है। यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर भी साबित हो रही है। ओरछा की लाड़ली बहना श्रीमती कविता यादव मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि आते ही फूली नहीं समा रही हैं। उन्हें इस बात की खुशी है कि अब वे छोटे-मोटे खर्चों के लिये अपने पति पर निर्भर नहीं रहेंगी। अब वे स्वयं घर की जरूरत अनुसार किराना सामग्री खरीद सकेंगीं। उन्होंने इस योजना को महिला हित में अब तक की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण योजना माना है।

## किसी ने बच्चों के लिए खरीदी पाठ्य सामग्री तो किसी ने साड़ी, चूड़ियां और कंगन लिए

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनातर्गत बहनों के खाते में योजना की राशि आने से बहनें खुश है। जिले के गौरझामर पंचायत की श्रीमती चंद्ररानी पटेल  कहती है कि इस राशि के आने से बेहद खुश हूं। उन्होंने इसका उपयोग बच्चो की पढ़ाई के लिए स्टेशनरी कापी, पेन, पेंसिल और अन्य सामान खरीदने में किया। वे कहती है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 3000 रू. कर देंगे। इस पर श्रीमती चंद्ररानी ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया।

जिले के जैसीनगर ब्लॉक के ग्राम देवलचौरी की श्रीमती किरण अहिरवार, संगीता, और ममता पटेल बताती हैं कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि हमारे खाते में आ रही है। हम सभी इस योजना से बहुत खुश है। वे बताती है कि इस राशि का उपयोग उन्होंने साड़ी और चूड़ियां, कंगन आदि खरीदने में किया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 3000 रू. कर देंगे। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से महिलाओं की खुशी और ज्यादा बढ़ गई है।

लाड़ली बहना सम्मेलन कार्यक्रम में लाड़ली बहनाओं को प्रति माह प्रदाय की जाने वाली एक हजार रूपये की राशि को बढ़ाकर 1250 रुपए करने की घोषणा पर सागर के लाजपतपुरा वार्ड में निवासरत लाड़ली बहना श्रीमती निखत परवीन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि भैया शिवराज सिंह चौहान ने जो वादा किया था उसे वह निभा रहे हैं। आज 1250 रुपए की राशि की गई है जो उनके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगी। हितग्राही श्रीमती परवीन ने बताया कि इस राशि से वह अपने घरेलू खर्चों में बहुत सहयोग कर पा रही थी और अब मुख्यमंत्री जी ने इस राशि में ढाई सौ रुपए का इजाफा किया है, इस राशि से उनके खर्चों में और मदद मिलेगी।

## स्व सहायता समूह की बहनों के ई-रिक्शे में मुख्यमंत्री ने की सवारी



निवाड़ी जिले पृथ्वीपुर विकासखंड जिला निवाड़ी के शासकीय महाविद्यालय में बुधवार को लाड़ली बहिना योजना कार्यक्रम अन्तर्गत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित ई-रिक्शा में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा हेलीपेड से मंच तक सफर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के ई-रिक्शा चलाने की मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा सराहना की गई। मुख्यमंत्री जी को रिक्शा में बैठा कर महिला श्रीमती गायत्री केवट द्वारा अपार खुशी व्यक्त की गई। इसी के साथ स्व सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज अन्तर्गत महिला समूहों को मुख्यमंत्री श्री चौहान के माध्यम से प्रतिकात्मक चैक वितरण भी किया गया।

## गरीब परिवारों की क्रय शक्ति, व्यवसायियों की आमदनी बढ़ी



श्रीमती रीना पाटकर



श्री प्रवीण अग्रवाल

लाड़ली बहना योजना बहनों के लिए एक बड़ा संबल है। इस योजना से मिलने वाली राशि से महिलाएं अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को खुद पूरा कर रही हैं। इससे महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है। योजना के तहत हर माह मिल रही राशि गरीब परिवार की क्रय शक्ति में इजाफा हुआ है, तो वहीं छोटे व्यवसायियों की आमदनी भी बढ़ रही है। क्योंकि महिलाओं को लाड़ली बहना योजना की राशि मिलने से वे अपनी पसंद की चीजें भी खरीद पा रही हैं।

छतरपुर में कपड़ा व्यवसाय से जुड़ी **श्रीमती रीना पाटकर** है कि सरकार की लाड़ली बहना योजना महिलाओं के लिए बड़ा सहारा है और व्यवसाइयों के लिए भी यह उनकी आमदनी बढ़ाने में सहायक हो रही है।

किराना व्यवसायी **प्रवीण अग्रवाल** का कहना है कि इस योजना से समाज में खुशहाली आई है। गरीब महिलाएं रोजमर्रा की अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में अब खुद सक्षम हैं और भविष्य के लिए भी वे आशान्वित नजर आ रही हैं। इस योजना से बाजार पर भी सकारात्मक असर दिखने लगा है।



श्रीमती गायत्री सेन



श्री सुखनंद जैन

**गायत्री सेन** जनरन स्टोर संचालिका का कहना है कि वैसे तो सरकार ने महिला उत्थान की दिशा में हमेशा प्रयास किये हैं, लेकिन यह योजना बहनों के लिए बड़ा आर्थिक सहारा बनने जा रही है। व्यापारी **सुखनंद जैन** का कहना है कि लाड़ली बहना योजना से परिवार आर्थिक रूप से मजबूत मजबूत होंगे।

## लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाए जाने पर हितग्राहियों में खुशी

*लाड़ली बहना सम्मेलन कार्यक्रम में लाड़ली बहनाओं को प्रति माह प्रदाय की जाने वाली एक हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर 1250 रुपए करने की घोषणा पर सागर के लाजपतपुरा वार्ड में निवासरत लाड़ली बहना श्रीमती निखत परवीन ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि भैया शिवराज सिंह चौहान ने जो वादा किया था उसे वह निभा रहे हैं। आज 1250 रुपए की राशि की गई है जो उनके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगी। राशि में बढ़ोतरी होने पर हितग्राही के चेहरे पर एक अलग ही मुस्कान खिली हुई है। हितग्राही श्रीमती परवीन ने बताया कि उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि प्राप्त हो रही है। इस राशि से वह अपने घरेलू खर्चों में बहुत सहयोग कर पा रही थी और अब मुख्यमंत्री जी ने इस राशि में ढाई सौ रुपए का इजाफा किया है, इस राशि से उनके खर्चों में और मदद मिलेगी। इसके साथ ही हितग्राही श्रीमती परवीन ने मुख्यमंत्री जी द्वारा सावन माह में गैस की टंकी को साढे चार सौ रुपये में देने की घोषणा पर भी खुशी जाहिर करते हुए, उन्होंने मुख्यमंत्री जी के प्रति उक्त दोनों घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि लाड़ली बहना योजना के साथ-साथ उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है उसके लिए भी उन्होंने धन्यवाद व्यक्त किया है।*

D-16309/23

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।